CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 166 | राजनांदगांव, मंगलवार 05 मई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


स्वस्तिक ऑफसेट & स्क्रीन प्रिंट
उत्कृष्ट एवं कलात्मक छपाई हेतु...
पता : बल्देव बाग, राजनांदगांव मो. 93004-14726


**ममता बनर्जी**
भवानीपुर, पश्चिम बंगाल
15,105 वोटों से हारीं


**सुवेंदु अधिकारी**
भवानीपुर, पश्चिम बंगाल
15,105 वोटों से जीते


**एमके स्टालिन**
कोलाथुर, तमिलनाडु
8,795 वोटों से हारे


**विजय**
पेरम्बूर, तमिलनाडु
53,715 वोटों से जीते


**हिमंता बिस्वा सरमा**
जालुकबारी, असम
89,434 वोटों से जीते


**हुमायूं कबीर**
रेजीनगर, पश्चिम बंगाल
58,876 वोटों से जीते


**गौरव गोगोई**
जोरहाट, असम
23,182 वोटों से हारे


**ओ. पन्नीरसेल्वम**
बोडिनायक्कनुर, तमिलनाडु
6,805 वोटों से जीते


**पिनाराई विजयन**
धर्मदम, केरलम
19,247 वोटों से जीते

# विस चुनाव परिणाम 2026: बंगाल-असम, पुडुचेरी में बीजेपी की प्रचंड जीत, ममता हारीं; तमिलनाडु में टीवीके की धूम, केरलम में यूडीएफ का जलवा

नई दिल्ली। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों ने देश की राजनीति की दिशा बदल दी है। पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने 208 सीटों के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की है और तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया है। असम में एनडीए ने 102 सीटों के साथ लगातार तीसरी बार सरकार बनाई, जबकि पुडुचेरी में भी एनडीए ने 18 सीटों के साथ बहुमत हासिल कर लिया है।

केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ 99 सीटों के साथ प्रचंड जीत दर्ज कर सत्ता में लौट आया है, वहीं तमिलनाडु में TVK 100 से अधिक सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और पारंपरिक DMK-AIADMK राजनीति को बड़ा झटका दिया है।



सबसे बड़ा उलटफेर पश्चिम बंगाल में देखने को मिला, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भवानीपुर विधानसभा सीट से चुनाव हार गई हैं। भाजपा के सुवेंदु अधिकारी ने उन्हें 15,114 वोटों से पराजित किया। यह सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ ममता बनर्जी की लगातार दूसरी हार है। इससे पहले 2021 विधानसभा चुनाव में भी वे नंदीग्राम सीट पर उनसे हारी थीं। पश्चिम बंगाल में भाजपा 208 और टीएमसी 79 सीटों पर आगे चल रही है। तमिलनाडु में डीएमके + 59 और अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके 106 और एआईएडीएमके + 72 सीटों पर आगे चल रही है। असम में भाजपा 102 सीटों पर और कांग्रेस 19 सीटों पर आगे है। केरलम में एलडीएफ 35, भाजपा 2 और यूडीएफ 102 सीटों पर आगे है। पुडुचेरी में भाजपा गठबंधन 16 और कांग्रेस गठबंधन 6 सीट पर आगे चल रहा है। असम में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई और एयूआईडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल की किस्मत दांव पर है। केरलम में मुख्यमंत्री पिनरई विजयन, कांग्रेस नेता वीडी सतीशन और भाजपा के राजीव चंद्रशेखर और के सुरेंद्रन मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी और दिलीप घोष और हुमायूं कबीर पर नजरें हैं। तमिलनाडु में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, के पलानीस्वामी, एल मुरुगन और नैनार नागेंद्रन चुनावी मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 और दूसरे चरण में 142 सीटों पर मतदान हुआ था। दोनों ही चरणों में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विधानसभा चुनाव में बंपर जीत पर बोले पीएम मोदी- गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में जनता ने भारतीय जनता पार्टी को बहुमत दिया है। बंगाल में पहली बार बीजेपी सरकार बनाने जा रही है। बीजेपी की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। विधानसभा चुनावों में बीजेपी की जीत पर पीएम मोदी दिल्ली में स्थित पार्टी मुख्यालय पहुंचे। बंगाल में पहली बार बीजेपी सरकार बनाने जा रही है, इस मौके पर पीएम मोदी बंगाली धोती-कुर्ता पहनकर पहुंचे।


बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होगी

### गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल

बीजेपी की जीत पर पीएम मोदी ने कहा, आज का ये दिन ऐतिहासिक है। गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन में कहा, गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। आज का दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कमल खिला दिया। आज भरोसे की जीत का दिन है। पीएम मोदी ने आगे कहा, जीत और हार लोकतंत्र और राजनीति का एक स्वाभाविक हिस्सा हैं। लेकिन, पांच राज्यों की जनता ने दुनिया को यह दिखा दिया है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी क्यों है।

प्रधानमंत्री ने कहा, लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति है। आज न केवल लोकतंत्र की जीत हुई है, बल्कि हमारे संविधान की भी जीत हुई है। हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं की जीत हुई है।

### चुनाव आयोग और सुरक्षाबलों को दिया धन्यवाद

पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, मैं चुनाव आयोग और सुरक्षाबलों का अभिनंदन करता हूं। पीएम मोदी ने कहा, आज मैं चुनाव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल ने ममता-स्टालिन से की बात, चुनाव नतीजों पर चर्चा; टीवीके के प्रदर्शन पर विजय को बधाई भी दी



नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाल ही में आए पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के बाद तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन और टीवीके प्रमुख विजय से फोन पर बातचीत की। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने जानकारी देते हुए बताया कि राहुल गांधी ने चुनाव परिणामों पर चर्चा की और टीवीके के प्रदर्शन के लिए विजय को बधाई भी दी।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि राहुल गांधी ने ममता बनर्जी और एम.के. स्टालिन से चुनाव नतीजों को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने टीवीके प्रमुख विजय को उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दीं। इस चुनाव में पश्चिम बंगाल में टीएमसी को भाजपा के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जबकि तमिलनाडु में डीएमके को नए राजनीतिक दल टीवीके से चुनौती मिली। कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ा, वहीं तमिलनाडु में डीएमके के साथ गठबंधन में हिस्सा लिया।

### केरल में यूडीएफ की जीत पर राहुल गांधी का संदेश

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक भावुक संदेश साझा करते हुए केरल की जनता का धन्यवाद किया। उन्होंने लिखा कि केरल के लोगों ने एक स्पष्ट और निर्णायक जनादेश दिया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा केरल की मेरी बहनों और भाइयों का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने एक मजबूत जनादेश दिया। हर यूडीएफ नेता और कार्यकर्ता को कठिन और सुव्यवस्थित चुनाव अभियान के लिए बधाई। राहुल गांधी ने आगे कहा कि केरल में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है और अब राज्य में यूडीएफ सरकार एक नई दृष्टि के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने यह भी लिखा कि वे जल्द ही केरल परिवार से मिलने के लिए उत्सुक हैं।

## पश्चिम बंगाल परिणाम: ममता बनर्जी का बड़ा आरोप, बोलीं- बीजेपी ने लूटीं 100 सीटें, चुनाव आयोग उनका; हम वापसी करेंगे



कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों में पिछड़ने के बाद मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी ने आक्रामक रुख अपना लिया है। राज्य में टीएमसी की जमीन खिसकने के बाद उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। ममता बनर्जी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी पार्टी इस हार से घबराने वाली नहीं है और वे जोरदार वापसी करेंगे।

ममता बनर्जी ने कहा, भाजपा ने 100 से ज्यादा सीटें लूटी हैं। चुनाव आयोग अब भाजपा का कमीशन बन चुका है। मैंने इस संबंध में चुनाव अधिकारी और मनोज अग्रवाल से भी शिकायत की थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। दीदी ने इस जीत की वैधता पर सवाल उठाते हुए इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया। ममता बनर्जी ने आगे कहा, क्या आपको लगता है कि यह कोई जीत है? यह एक अनैतिक जीत है, नैतिक जीत नहीं है। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और केंद्रीय बलों के साथ मिलकर जो कुछ भी किया है, वह पूरी तरह से अवैध है। यह सिर्फ लूट, लूट और लूट है। हम फिर से वापसी करेंगे। 15 साल के लंबे शासन के बाद टीएमसी को राज्य में भारी सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा। जमीन पर पार्टी के प्रति जनता में असंतोष, भ्रष्टाचार के आरोप और आर्थिक पिछड़ेपन जैसे मुद्दों ने मतदाताओं को विकल्प तलाशने पर मजबूर किया। इसके साथ ही, चुनाव में धार्मिक ध्रुवीकरण एक बड़ा कारक बनकर उभरा। भाजपा की ओर से लगाए गए तुष्टिकरण के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दावा- होर्मुज में अमेरिकी जहाज पर ईरान का मिसाइल अटैक: अमेरिका बोला- ये झूठ; ट्रम्प ने कहा था यहां फंसे जहाजों को सुरक्षित निकालेंगे



तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में एक अमेरिकी नेवी शिप पर दो मिसाइलें दागीं। हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा, जिसके बाद उसे पीछे हटना पड़ा। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इस बारे में जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला तब किया गया जब अमेरिकी जहाज ईरानी नौसेना की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए होर्मुज से गुजरने की कोशिश की। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड सेंटकॉम ने होर्मुज में अपने किसी भी नौसैनिक जहाज पर हमले की खबरों को खारिज कर दिया है। सेंटकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि अमेरिकी सेना होर्मुज में प्रोजेक्ट फ्रीडम के तहत काम कर रही है।

इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिकी सेना इस इलाके में फंसे जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद करेगी और किसी भी रुकावट का कड़ा जवाब दिया जाएगा।

### यूएई के ऑयल टैंकर पर ईरान का ड्रोन अटैक

यूएई ने आरोप लगाया है कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में उसके एक तेल टैंकर पर ड्रोन से हमला किया। यूएई के मुताबिक, यह टैंकर अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी से जुड़ा हुआ था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान ने इस जहाज पर दो सुसाइड ड्रोन से हमला किया, लेकिन इस हमले में किसी की जान नहीं गई। ईरान में तीन लोगों को फांसी दे दी गई है। इनके नाम मेहदी रस्सौली, मोहम्मद रजा मिरी और इब्राहिम दौलताबादी हैं। ईरान की न्यायपालिका की न्यूज एजेंसी मिजान न्यूज एजेंसी के अनुसार, इन लोगों को जनवरी में मशहद शहर में हुए प्रदर्शन से जुड़े मामलों में दोषी ठहराया गया था।

हालांकि यह साफ नहीं बताया गया कि उन्हें कब और कहां फांसी दी गई। वहीं, ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, दो लोगों को रविवार सुबह मशहद की वकीलाबाद जेल में फांसी दी गई। ये प्रदर्शन दिसंबर में महंगाई और बढ़ती कीमतों के खिलाफ शुरू हुए थे, जो बाद में पूरे देश में सरकार के खिलाफ बड़े विरोध में बदल गए। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि इन प्रदर्शनों को दबाने के दौरान हजारों लोग मारे गए।

## बिहार में आसमानी बिजली और आंधी का कहर, 12 लोगों की मौत; सीएम सम्राट चौधरी ने किया मुआवजे का ऐलान

नई दिल्ली। बिहार में सोमवार को मौसम के बदले मिजाज ने भारी तबाही मचाई है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में तेज आंधी, बारिश और वज्रपात (बिजली गिरने) के कारण कुल 12 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। अचानक आए इस तूफान ने लोगों को संभलने का मौका भी नहीं दिया और कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।



### इन तीन जिलों में हुई सबसे ज्यादा मौतें

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मौसम की मार सबसे ज्यादा पूर्वी चंपारण जिले में पड़ी है, जहां बिजली गिरने से 5 लोगों की जान चली गई। गया जिले में भी आपदा ने 4 लोगों को अपना शिकार बनाया, जबकि औरंगाबाद में 3 मौतें दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं में से अधिकांश मौतें खुले आसमान के नीचे काम करने या वज्रपात की चपेट में आने की वजह से हुईं।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जताया शोक

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस प्राकृतिक आपदा पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए अधिकारियों को तुरंत राहत कार्य चलाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस संकट की घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है।

### मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 4-4 लाख रुपये

प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाते हुए मुख्यमंत्री ने अनुग्रह अनुदान राशि देने का एलान किया है। आपदा प्रबंधन के नियमों के तहत प्रत्येक मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि कागजी प्रक्रिया पूरी कर जल्द (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सहकारी बैंक घोटाले की ईडी ने शुरू की जांच, मंगाई फाइल: दो बैंकों से 28 करोड़ का हुआ था घोटाला

रायपुर। सरगुजा जिले में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की कई ब्रांचों में करोड़ों रुपए के घोटाले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुरू कर दी है। ईडी ने बैंक घोटाले की जांच रिपोर्ट रायपुर तलब की है। अंबिकापुर से सभी फाइलें रायपुर भेज दी गई हैं। शंकरगढ़ और कुसमी ब्रांचों में ही करीब 28 करोड़ रुपए के घोटाले का खुलासा हुआ था।



जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में हुए बड़े घोटाले का खुलासा करीब एक साल पहले हुआ था। बैंक के तत्कालीन प्राधिकृत अधिकारी और सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर ने कुसमी और शंकरगढ़ शाखाओं के खातों की जांच करवाई थी। जांच में करीब 28 करोड़ रुपए की गड़बड़ी सामने आई थी। इस मामले में बैंक मैनेजर समेत 12 अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी और उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था।

### करोड़ों रुपए के घोटाले में ईडी की एंट्री

तत्कालीन सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बैंक के घोटालों की जांच ईडी या सीबीआई से कराने की अनुशंसा करते हुए तत्कालीन सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बैंक के घोटालों की जांच ईडी या सीबीआई से कराने की अनुशंसा करते हुए प्रमुख सचिव को पत्र भेजा था। राज्य शासन ने जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय को पत्र भेजा था। प्रवर्तन निदेशालय ने जांच के लिए मंजूरी दे दी है। सहकारी बैंक के सीईओ श्रीकांत चंद्राकर ने बताया कि ईडी की टीम सरगुजा नहीं आई है। उनका पत्र आया था और घोटाले की जांच से संबंधित सभी रिपोर्ट मांगी गई थी। सरगुजा से जांच रिपोर्ट ईडी को शनिवार को भेज दी गई है। ईडी मामले में जो अन्य जानकारी मांगेगी, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएसएमसीएल में 115 करोड़ का ओवरटाइम घोटाला...7 आरोपी पकड़े गए: कागजों में एक्स्ट्रा शिफ्ट, कर्मचारियों को नहीं मिला पैसा

रायपुर। शराब घोटाले से जुड़े मैनपावर घोटाले में ACB-EOW की टीम ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 मई तक कस्टोडियल रिमांड पर भेज दिया गया है। यह घोटाला छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड में ओवरटाइम भुगतान के नाम पर किया गया था। इस मामले में ACB-EOW ने पहले ही एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी।

जांच में सामने आया है कि 2019-20 से 2023-24 के बीच मैनपावर और प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए ओवरटाइम भत्ते के नाम पर बड़े पैमाने पर पैसे का भुगतान किया गया। बताया जा रहा है कि 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम का गबन हुआ है। आरोप है कि CSMCL के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से एजेंसियों को गलत तरीके से भुगतान किया गया।


फील्ड ऑफिसर-अकाउंटेंट पहले हुए अरेस्ट

इस मामले की शुरुआत प्रवर्तन निदेशालय की एक कार्रवाई से हुई। 29 नवंबर 2023 को ED ने रायपुर में 3 संदिग्धों से 28.80 लाख कैश बरामद किए थे। जब कड़ियां जोड़ी गईं, तो पता चला कि यह पैसा कर्मचारियों के पसीने की कमाई (ओवरटाइम) का था, जिसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया। ED की रिपोर्ट के आधार पर ACB ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

### कर्मचारियों को सामने रखकर भरी गई जेब

जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे चौंकाने वाले हैं। साल 2019-20 से 2023-24 के बीच सरकार ने शराब दुकानों में तैनात कर्मचारियों को अतिरिक्त काम के बदले 115 करोड़ रुपए का ओवरटाइम भुगतान मंजूर किया था। नियम के अनुसार यह पैसा सीधे उन कर्मचारियों को मिलना था, जो एक्स्ट्रा शिफ्ट में काम कर रहे थे। लेकिन मैनपावर एजेंसियों ने कागजों पर कर्मचारियों का ओवरटाइम दिखाया, लेकिन असल में भुगतान उन तक पहुंचा ही नहीं। एजेंसियों ने यह राशि कमीशन के रूप में निकाली। जांच एजेंसी का दावा है कि यह पैसा छस्स्ब्रुके भ्रष्ट अधिकारियों और निजी व्यक्तियों के बीच बांटा गया। इसके तार कारोबारी अनवर ढेबर से जुड़े होने की बात भी सामने आ रही है।

## पीडब्ल्यूडी अफसर पर भड़के सीएम, कहा- मीटिंग से बाहर जाओ, अपने सचिव से बात करो और सही जानकारी लेकर आओ

बलरामपुर। बलरामपुर. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को बलरामपुर दौरे पर थे। उन्होंने सुशासन तिहार के तहत विभागों की समीक्षा बैठक ली। इसमें जब पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी सड़क मरम्मत की सही जानकारी नहीं दे पाए, तो मुख्यमंत्री ने सीधे कहा- मीटिंग से निकलो, बाहर जाओ, अपने सचिव से बात करो और सही जानकारी लेकर आओ। सीएम के ये कड़े तेवर देख कमरे में सन्नाटा छा गया। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि हम सब जनता के सेवक हैं। हम सभी को अपने कार्यालय को सेवा तीर्थ समझना है और आम जनता की सेवा करने का मंदिर है। उन्होंने बैठक में साफ कहा कि सरकार का विकास सड़क से दिखता है।



पीडब्ल्यूडी की सड़क मरम्मत में देरी पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि मानसून आने से पहले सभी सड़कों की मरम्मत पूरी हो। उन्होंने कहा कि आबादी क्षेत्रों की सड़कों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि- ध्यान दो, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 5वीं व 8वीं की अंकसूची में भारी गड़बड़ी, सुधार के लिए वापस भेजी गई मार्कशीट

**डोंगरगांव का नाम, ग्रेडिंग और जन्म तिथि में त्रुटि, रिजल्ट के इंतजार में बैठे छात्रों और पालकों को लगा झटका**

**डोंगरगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ में बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों के बाद अब प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के परीक्षा परिणामों को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। डोंगरगांव ब्लॉक में कक्षा 5वीं और 8वीं की अंकसूचियों (मार्कशीट) में भारी विसंगतियां मिलने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में वितरण से रोकते हुए सभी अंकसूचियों को सुधार के लिए पुनः जिला मुख्यालय वापस भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार अप्रैल माह के अंत तक छात्र और पालक परिणामों का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। जब मार्कशीट स्कूलों तक पहुंचीं तो उनमें विषयों के प्राप्तांकों से लेकर छात्र की जन्म तिथि तक में ढेरों गलतियां पाई गई। इतना ही नहीं, अंकसूची में ब्लॉक डोंगरगांव का नाम और ग्रेडिंग सिस्टम में भी प्रिंटिंग की गंभीर त्रुटियां हुई हैं।

> अंकसूची में त्रुटि पाई गई है। जिसे सुधार के लिए वापस भेज दिया गया है। जल्द ही संशोधित अंकसूची मंगवाई जाएगी।
>
> **- जयंत साहू, बीईओ डोंगरगांव**

### अधिकारी का पक्ष : डेटा सही था, प्रिंटिंग में हुई चूक

इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उनकी ओर से समय पर सही डेटा भेजा गया था, लेकिन प्रिंटिंग स्तर पर यह गड़बड़ी हुई है। अब इन त्रुटियों को ठीक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसके कारण छात्रों को अपनी अंकसूची प्राप्त करने के लिए अभी और लंबा इंतजार करना होगा।

# ट्रेन पर पत्थरबाजी करने वाले दो अपचारी बालक गिरफ्तार

### तालाब में नहाने के दौरान लगी थी निशाना लगाने की शर्त, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के कांच टूटे



राजनांदगांव (दावा)। तेज रफ्तार ट्रेन पर पत्थरबाजी करना दो अपचारी बालकों को महंगा पड़ गया। दुर्ग जिले के रसमड़ा और दुर्ग रेल खंड के बीच हुई इस घटना में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने तत्परता दिखाते हुए दोनों बालकों को धर दबोचा है। पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि बालकों ने आपस में केवल यह साबित करने के लिए पत्थर चलाए थे कि किसका निशाना सबसे सटीक है।

### ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस को बनाया निशाना

घटना 3 मई की है। जब नागपुर मंडल के अंतर्गत आने वाली गाड़ी संख्या 12101 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस रसमड़ा-दुर्ग रेलखंड के बीच किमी 869/10-12 के पास से गुजर रही थी। तभी ट्रेन के जनरल कोच पर पत्थरों से हमला किया गया। जिससे कोच के कांच क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलते ही मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद्र आर्य के मार्गदर्शन में आरपीएफ निरीक्षक तरुणा साहू ने टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया और घेराबंदी शुरू की। आरपीएफ की टीम ने बघेरा गेट के पास खोजबीन की। जहां दो बालक खेलते हुए मिले। पूछताछ में एक बालक ने स्वीकार किया कि वह अपने दोस्त के साथ तालाब में नहाने आया था। नहाने के बाद दोनों के बीच शर्त लगी कि किसका निशाना बेहतर है। जैसे ही राजनांदगांव की ओर से ट्रेन आती दिखी। एक बालक ने पत्थर चलाया जो सीधे कोच के कांच पर जा लगा।

### पिता के सामने कबूला जुर्म

आरपीएफ ने तत्काल बालकों के परिजनों को मौके पर बुलाया, जहां बच्चों ने अपने पिता के समक्ष चलती ट्रेन पर पत्थर मारने की घटना को स्वीकार किया। आरपीएफ निरीक्षक तरुणा साहू ने बताया कि रेल का समयबद्ध और सुरक्षित परिचालन हमारी प्राथमिकता है और इसमें बाधा डालने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। मामले में रेल अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## पहला कॉलम...

### हेल्थ मॉल के नाम पर बड़ी ठगी, फ्रेंचाइजी और मुनाफे का झांसा देकर 33.20 लाख हड़पे, देशभर में फैला है जाल




रायपुर। राजधानी में मेडिकल माल (हेल्थ माल) की फ्रेंचाइजी दिलाने और मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 33 लाख 20 हजार रुपये की ठग लिए गए। मौदहापारा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अमनदीप पाल, प्रसून पाल, उत्कर्ष कश्यप समेत अन्य साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश की धाराओं में अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपितों के खिलाफ छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान सहित अन्य राज्यों में भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। आरोपित अलग-अलग नामों से कंपनियां संचालित कर लोगों को फ्रेंचाइजी और निवेश के नाम पर ठगते रहे हैं।

#### इंटरनेट मीडिया से संपर्क, फिर बड़े मुनाफे का लालच

पुलिस के अनुसार बंजारी रोड निवासी प्रतीक साहू से आरोपितों ने सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क किया। खुद को टास्कर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का संचालक बताते हुए मेडिकल स्टोर, ओपीडी और हेल्थ माल खोलने का प्रस्ताव दिया। आरोपितों ने दावा किया कि निवेश करने पर हर महीने दो से सात लाख रुपये तक की कमाई होगी और कुल बिक्री पर 12 प्रतिशत लाभांश भी दिया जाएगा। साथ ही 18 महीने में पूरी निवेश राशि वापस करने का आश्वासन दिया गया।

#### 33.20 लाख रुपये निवेश, 14 ट्रांजेक्शन में दी रकम

प्रार्थी आरोपितों के झांसे में आ गया और अलग-अलग 14 ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 33.20 लाख रुपये कंपनी के खाते में जमा कर दिए। इसके लिए उसने मौदहापारा क्षेत्र में दुकान किराए पर लेकर आरोपितों को उपलब्ध कराई, जहां हेल्थ माल संचालित करने की बात कही गई थी। शिकायत में बताया गया है कि आरोपितों ने शुरुआत में कुछ समय तक दुकान संचालन का दिखावा किया। फरवरी 2023 से माल शुरू भी किया गया, लेकिन समय के साथ स्टाफ को वेतन देना बंद कर दिया गया। दवाइयों और अन्य उत्पादों की सप्लाई भी रोक दी गई। जुलाई 2025 के बाद आरोपितों ने फोन उठाना बंद कर दिया और पूरी तरह संपर्क से बाहर हो गए। अंततः नवंबर 2025 में माल बंद हो गया।

#### फर्जी एग्रीमेंट और कई लोगों से ठगी का राज

पीड़ित के अनुसार आरोपितों ने पहले से तैयार एक फर्जी इकरारनामा पर हस्ताक्षर करवाए थे। बाद में जांच में दस्तावेज और स्टांप भी संदिग्ध पाए गए। आरोप है कि इसी तरह का झांसा देकर आरोपितों ने अन्य लोगों को भी ठगा है।

### श्रीमती सुमन गट्टानी का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। सुरेश इलेक्ट्रिकल्स के संचालक रमेश गट्टानी की धर्मपत्नी एवं शुभम गट्टानी (चीनू) की माताजी श्रीमती सुमन गट्टानी का आज निधन हो गया। वे 54 वर्ष की थीं। श्रीमती गट्टानी एनटीपीसी के सेवानिवृत्त जनरल मैनेजर सुरेश गट्टानी की अनुज वधु एवं अनिल गट्टानी की चाची थी। श्रीमती गट्टानी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा आज 5 मई मंगलवार को सुबह 10.30 बजे छीरपानी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
02nd May to 07th May 2026



Raja Shivaji - 11:30am, 03:00, 06:15 and 09:30 pm
Bhoot Bangla - 12:15, 03:15, 06:30 & 09:35 pm
Dhurandhar 2 - 12:30, 04:30 and 08:45 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल - 12, 3, 6 व 9 बजे




प्रेम राग
छत्तीसगढ़ी में
अनिल सिन्हा, शालिनी
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती 9 को, छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा मनाएगा गरिमामयी उत्सव



राजनांदगांव (दावा)। मेवाड़ के वीर शिरोमणि, अदम्य साहस और स्वाभिमान के जीवंत प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती 9 मई को मनाई जाएगी। इस पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा ने आयोजन की व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए समाज द्वारा इस वर्ष सादगीपूर्ण किंतु अत्यंत गरिमामयी आयोजन का संकल्प लिया गया है।

### प्रबंधकारिणी की बैठक में बनी रणनीति

हाल ही में छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा की प्रबंधकारिणी की एक विशेष बैठक संरक्षक डॉ. आर.पी.एस. भदौरिया एवं डॉ. आर.एन. सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जयंती उत्सव को लेकर गहन चर्चा की। जिला अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह, सचिव जय नारायण सिंह एवं कोषाध्यक्ष राम नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से वर्तमान मौसम की स्थिति को देखते हुए कार्यक्रम को शाम के समय आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 9 मई की शाम 6 बजे रामकृष्ण नगर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। यहां समाज के लोग एकत्र होकर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे और उनके शौर्य की गाथाओं का स्मरण करेंगे। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को प्रताप के स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों से अवगत कराना है। बैठक में मुख्य रूप से ओपी सिंह, रणविजय प्रताप सिंह, संजय परिहार, दीपेश सिंह, संजय बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह, राकेश सिंह, संतोष सिंह, विजय राजपूत, मोहन राजपूत, मुन्ना सिंह राजपूत, सुनील सिंह, कपिल सिंह, गोल्डी भदौरिया एवं अखिलेश रघुवंशी सहित समाज के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती केवल एक तिथि नहीं, बल्कि समाज के लिए अपनी जड़ों से जुड़ने और राष्ट्र सेवा का संकल्प लेने का दिन है। इस वर्ष के सादगीपूर्ण आयोजन के माध्यम से समाज ने पर्यावरण और जनहित को प्राथमिकता देने का संदेश भी दिया है।

# श्रेष्ठ फोटोग्राफी के लिए युवा पत्रकार शुभम उपाध्याय राज्य स्तर पर सम्मानित



**चांपा-खरसिया के भव्य समारोह में मिला सम्मान, तस्वीरों के जरिए खबरें कहने के हुनर को मिली पहचान**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के युवा पत्रकार और फोटोग्राफर शुभम उपाध्याय ने राज्य स्तरीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता में अपनी कला का लोहा मनवाते हुए जिले का मान बढ़ाया है। उन्हें उनकी श्रेष्ठ और उत्कृष्ट फोटोग्राफी के लिए पत्रकार कल्याण महासंघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया। चांपा-खरसिया में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के हाथों शुभम को यह सम्मान प्रदान किया गया। गौरतलब है कि पत्रकार कल्याण महासंघ पिछले चार वर्षों से समाज के विभिन्न वर्गों के कर्मयोगियों, साहित्यकारों, कवियों और पत्रकारों को प्रोत्साहित करने की परंपरा निभा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष शुभम उपाध्याय का चयन उनके बेहतरीन विजुअल कवरेज और फोटोग्राफी के माध्यम से खबरों को जीवंत करने के लिए किया गया। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े शुभम राजनांदगांव के उन गिने-चुने फोटोग्राफरों में शामिल हैं। जिनकी तस्वीरें खुद खबरें बोलती हैं। वे इससे पहले राजनांदगांव नगर निगम द्वारा आयोजित फोटोग्राफी स्पर्धाओं में भी दो बार पुरस्कार जीत चुके हैं। पत्रकारिता के साथ-साथ शहर की सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को अपने कैमरे में कैद करने में उन्हें महारत हासिल है।

### सम्मान से बड़ी जिम्मेदारी : शुभम उपाध्याय

अपनी इस उपलब्धि पर शुभम उपाध्याय ने कहा कि सम्मान मिलने से कार्य के प्रति जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि मैं अपनी फोटोग्राफी के जरिए समाज की जमीनी हकीकत और शहर की खूबसूरती को प्रभावी ढंग से दुनिया के सामने लाता रहूं। शुभम की इस सफलता पर शहर के वरिष्ठ पत्रकारों, इष्ट मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार घुमका के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202604094700010**

विषय:- अ-27 मामले की श्रेणी :- राजस्व सन :- 2025-2026 मुरमुंदा (प. ह. नं. 00010), पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार परमानंद, संतोष, सनत, नरेंद्र, त्रिभुवन, जानकी, अनावेदक पक्षकार - परमानंद,

**// ईश्तहार//**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमानन्द पिता जयराम निवासी ग्राम मुरमुंदा तहसील घुमका, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुतकर लेख किया गया है कि आवेदक व उनके सहखातेदारों के संयुक्त नाम व स्वामित्व में ग्राम मुरमुंदा प.ह.नं. 10, तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव में भूमि ख.नं. (रकबा) 412 (0.6840 हे.), 83 (0.3720 हे.) कृषि भूमि स्थित व दर्ज है। आवेदित भूमि को अपने जीवनकाल में अपने व अनावेदकगण के मध्य पारिवारिक व्यवस्था के तहत खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया. उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है.

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे सुनवाई तिथि 06/05/2026 तक लिखित मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/04/2026 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार**
घुमका, तह.व जिला-राजनांदगांव

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक खोभा**
राजस्व निरीक्षक मण्डल खोभा तहसील छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छग)

**ईश्तहार**

दिनांक 02.05.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स एसआरवीएस सोलर्स लिमिटेड द्वारा निदेशक सुरेन्द्र कुमार जैन पिता श्रीचंद जैन जाति सामान्य निवासी 32, ऐश्वर्या रेसिडेंसी, जी.ई. रोड, तेलीबांधा, रायपुर के आवेदन के परिप्रेक्ष्य में न्यायालय नायब तहसीलदार छुरिया जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा जारी न्यायालयीन ज्ञापन दिनांक 10/04/2026 के परिपालन में ग्राम मोहगांव पटवारी हल्का नंबर 08 राजस्व निरीक्षक मण्डल बम्हनी चारभांठा तहसील छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 131/1/क, 131/2/2, 131/3/3, 134/4/4, 134, 137/1, 137/2, 137/3, 145/1, 145/2, 145/6, 27/4, 27/8, 129/1, 129/5 एवं 129/6 का सीमांकन दिनांक 05/05/2026 को प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा। अतः उक्त भूमियों से लगी भूमि के समस्त भूमिस्वामी अपनी भूमि के सुसंगत दस्तावेजों के साथ सीमांकन हेतु नियत तिथि पर मौके पर उपस्थित रहे।

(शक्ति सिंह)
राजस्व निरीक्षक, खोभा
तहसील छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक **अश्विन कुमार कोठारी** पिता-**धुमलाल कोठारी** जाति-हल्बा निवासी ग्राम-कन्या शिक्षा परिसर मेरेगांव, अं. चौकी, वार्ड नं.01, तह. अं.चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **श्रीजन** अंकित है। उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे पुत्र के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **सृजन कोठारी** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **श्रीजन** अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर **सृजन कोठारी** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के सबंध में किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थान:-अं. चौकी
दिनांक:-04/05/2026

आवेदक
**अश्विनी कुमार कोठारी**
निवासी ग्राम कन्या शिक्षा परिसर मेरेगांव अं. चौकी तह. अं. चौकी जिला-मो.मा.अं. चौकी

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक **पुनमचंद कोमरे पिता-अक्तूराम** जाति-गोंड निवासी ग्राम-ब्राम्हणभेड़ी मकान नं.96 वार्ड नं. 06, तह.-अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरी पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **साधना कोमरे** अंकित है। उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे पुत्री के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **हेतांक्षी कोमरे** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **साधना कोमरे** अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर **हेतांक्षी कोमरे** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थान:-अं.चौकी
दिनांक:-04/05/2026

आवेदक
**पुनमचंद कोमरे**
निवासी ग्राम ब्राम्हणभेड़ी, तह.-अं. चौकी जिला- मोहला-मानपुर, अं. चौकी

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
2-3-8
180-9 339-5
राजधानी
3-5-9
179-7 399-1

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# राजमिस्त्री के बेटे केदार कुमार को समाजशास्त्र में पीएचडी की उपाधि

### ग्रामीण विकास में पंचायती राज की भूमिका पर किया शोध, युवाओं में घटती समाज सेवा की भावना पर जताई चिंता



घुमका (दावा)। जिले के तहसील घुमका के अंतर्गत ग्राम सलोनी निवासी केदार कुमार साहू को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा समाजशास्त्र विषय में पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्रदान की गई है। केदार कुमार ने अपना शोध कार्य ग्रामीण विकास में पंचायती राज की भूमिका का अध्ययन विषय पर डॉ. अश्विनी महाजन (प्राचार्य, भिलाई-03 कॉलेज) के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।

### ग्रामीण विकास में 2005-06 के बाद आई तेजी

डॉ. केदार कुमार ने अपने शोध निष्कर्षों में बताया कि वर्ष 2005-06 के बाद ग्रामीण विकास की गति में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। शोध के अनुसार गांवों में पेयजल आपूर्ति, पक्की सड़कों का निर्माण और खेतों तक पहुंचने वाले मार्गों (धरसा) में सुधार होने से कृषि कार्यों में लाभ मिल रहा है। साथ ही ग्रामीण रोजगार और खेती में नवीन तकनीकों के प्रयोग से किसानों की स्थिति बेहतर हुई है। अपने शोध में डॉ. केदार ने एक महत्वपूर्ण चिंता भी जाहिर की है। उन्होंने पाया कि वर्तमान में राजनीति में आने वाले युवाओं में समाज सेवा की भावना का ह्रास (कमी) हो रहा है, जो ग्रामीण विकास के भविष्य के लिए एक चुनौती हो सकती है। उन्होंने ग्रामीण विकास में नवाचार और युवाओं की सकारात्मक भागीदारी पर विशेष सुझाव दिए हैं।

### पिता राजमिस्त्री, बेटा अतिथि व्याख्याता

केदार कुमार के पिता संतु राम साहू राजमिस्त्री का कार्य करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद केदार ने अपनी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। वे वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय कटेकल्याण में अतिथि व्याख्याता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर सलोनी ग्राम सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रामायण को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान : तुलसी मानस प्रतिष्ठान का भव्य शपथ ग्रहण

### बर्फानी आश्रम में आयोजित समारोह में पदाधिकारियों ने ली निष्ठा की शपथ, महामंडलेश्वर का मिला आशीर्वाद



राजनांदगांव (दावा)। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला इकाई राजनांदगांव का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह पाताल भैरवी बर्फानी आश्रम के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने रामायण के आदर्शों और जीवन मूल्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री 1008 महामंडलेश्वर जी (बर्फानी आश्रम) रहे। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलबीर छाबड़ा, तामेश्वर साहू, राजेंद्र ठाकुर, गोपाल वर्मा और त्रेता चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बर्फानी दादा और महाकालेश्वर की विशेष पूजा-अर्चना के साथ किया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुभाष यादव के साथ पूरी कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। जिसमें महामंत्री लक्ष्मण साहू, कोषाध्यक्ष चरण पटेल, संरक्षक पोषण शुक्ला, उपाध्यक्ष सतानंद दुबे, राम खिलावन दुबे व श्रीमती पुष्पा सिन्हा, संगठन मंत्री अचल कुमार वैष्णव, सचिव लक्ष्मीकांत शर्मा, तोरण साहू, नूतन हिरवानी, सह सचिव ओम प्रकाश साहू (अंकुर) व राकेश साहू, और मीडिया प्रभारी ईश्वर साहू सहित ब्लॉक पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा की शपथ ली। समारोह के समापन पर महादेव हिरवानी ने मोर संग चलो रे गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन राजेंद्र साहू ने किया। इस दौरान छुरिया, डोंगरगढ़ और राजनांदगांव ब्लॉक के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में मानस प्रेमी उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त श्रवण कुमार मिश्र को दी गई भावभीनी विदाई



राजनांदगांव (दावा)। आज 4 मई 2026 को पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव से 30 मई 2026 को निरीक्षक (एम) के पद से सेवानिवृत्त श्रवण कुमार मिश्र को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह उपपुलिस अधीक्षक द्वय श्रीमती मीना चौधरी, बृजेश भदौरिया, रक्षित निरीक्षक विक्रम बघेल एवं प्रशिक्षण विद्यालय का समस्त स्टाफ के अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय का मिनिस्टीरियल स्टाफ द्वारा भी श्री मिश्रा को सम्मानित कर एवं उपहार भेंट कर सेवानिवृत्ति की भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह द्वारा श्री मिश्रा से 30 वर्षों से परिचित होने एवं उनकी कार्यशैली व व्यक्तित्व के प्रति अपने गहरे उद्गार व्यक्त करते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की गई। रक्षित निरीक्षक विक्रम बघेल, निरीक्षक स्टेनो किशोर धमगेश एवं उपनिरीक्षक वर्षा शर्मा द्वारा भी श्री मिश्रा के मिलनसार और सख्त अनुशासन प्रिय भी होने के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया एवं सभी के द्वारा उनके जीवन की दूसरी सफल पारी के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी गई। इस आयोजन पर श्रवण मिश्रा अपने संपूर्ण परिवार एवं मित्र संजय सिंह परिहार व सरदार गुरुशरण सिंग के साथ उपस्थित रहे।

# नये बस स्टैंड के पास भीषण आगजनी, मकान जलकर खाक; फायर ब्रिगेड की अनुपस्थिति पर भड़कीं अध्यक्ष





**राजनांदगांव से बुलानी पड़ी दमकल, युवाओं और नगर पंचायत की तत्परता से टला बड़ा हादसा**

डोंगरगांव (दावा)। सोमवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई। जब अचानक नगर के नये बस स्टैंड के सामने के इलाके में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते एक खाली कच्चे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष की तत्परता के चलते राजनांदगांव से फायर ब्रिगेड बुलवाया गया। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर उनके साथ नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी पानी टैंकर के साथ पहुंच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के नये बस स्टैंड के सामने बने कुछ कच्चे और पक्के घर हैं। वहीं गर्मियों के चलते वहां झाड़ियां सुखी थी। इसी के बीच किसी के द्वारा कचरा जलाने और बीड़ी-सिगरेट पीकर फेंके की बात कही जा रही थी। जिसके बाद आग धीरे धीरे विकराल रूप लेकर रूखमणी साहू के कच्चे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान आग लगातार भड़क रही थी और आगे के घरों तक पहुंच रही थी। इस बात की जानकारी नगर पंचायत में पीआईसी बैठक के दौरान अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी की लगी तो वे तत्काल नगर पंचायत के कर्मचारियों व पानी टैंकर के साथ घटना स्थल पर पहुंची। समय रहते राजनांदगांव से फायर ब्रिगेड को बुलवाया गया और आग पर काबू पाया गया। वहीं आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि यदि जल्दी ना रोका जाता तो अन्य घरों और झाड़ियों के चलते बड़ी आगजनी की घटना घट सकती थी। वहीं मौके पर विद्युत विभाग और पुलिस की अनुपस्थिति पर श्रीमती त्रिपाठी ने कड़ी नाराजगी जताई है। आगजनी की घटना के दौरान राजा साहू, सुभम कुमार यादव, बलदाऊ शर्मा सहित अन्य युवकों ने आगे आकर आग बुझाने में मदद की।

# पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत सुशासन, महिलाओं और युवाओं की विजय : नीलू शर्मा



राजनांदगांव (दावा)। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा एवं एनडीए गठबंधन की जीत को लेकर छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नीलू शर्मा ने कहा कि यह जनादेश जनता के भरोसे, सुशासन और विकास की नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जिस पारदर्शी और जवाबदेही वाले शासन की नींव रखी है, उसी पर जनता ने विश्वास जताया है।

श्री शर्मा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के संगठनात्मक प्रयासों ने कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा दी। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने वाली योजनाओं ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाया है। युवाओं को रोजगार और अवसर देने के लिए भाजपा ने जो ठोस कदम उठाए हैं। वही जनता के विश्वास का आधार बने। उन्होंने आगे कहा कि असम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में जनता ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर विकास को चुना है। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के प्रयासों ने लोगों का विश्वास जीता है। वहीं पुडुचेरी में एनडीए गठबंधन की जीत यह दर्शाती है कि जनता को स्थिर और विकासोन्मुख सरकार की आवश्यकता है।

विशेष रूप से पश्चिम बंगाल के मानबाजार विधानसभा का उल्लेख करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि पिछले चुनाव में यहां तृणमूल कांग्रेस विजयी रही थी, लेकिन इस बार जनता ने भाजपा को चुना है। मैंने स्वयं मानबाजार विधानसभा में दो महीने से अधिक समय तक वहां कार्यकर्ताओं के साथ काम किया। जनता ने निवर्तमान सरकार की विफलताओं को नकारते हुए भाजपा पर भरोसा जताया है। श्री शर्मा ने इसे लोकतंत्र की सच्ची जीत बताते हुए कहा कि यह जनादेश महिलाओं के सम्मान, युवाओं के भविष्य और समाज में समानता व विकास को मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# बरगी बांध क्रूज हादसे के दोषियों पर हो हत्या का मुकदमा : डॉ. हत्थेल



**सांसद प्रतिनिधि की मांग : माँ-बेटे की हृदयविदारक तस्वीर को राष्ट्रीय शोक चित्र घोषित करें सरकार**

डोंगरगढ़ (दावा)। जबलपुर स्थित बरगी बांध में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। जिस तरह एक माँ अपने 4 वर्षीय मासूम बालक को सीने से लगाए हमेशा-हमेशा के लिए जल समाधि ले गई, वह दृश्य मानवता को कलंकित करने वाला है। यह दृश्य केवल एक हादसा नहीं, बल्कि सरकारी लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का जीवित प्रमाण है। सांसद प्रतिनिधि डॉ. तरुण हत्थेल ने कहा कि दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो। क्रूज संचालक, पर्यटन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और सुरक्षा ऑडिट करने वाली एजेंसी के खिलाफ आईपीसी की धारा 302, 304 के तहत एफआईआर दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी हो। यह हादसा नहीं, आपराधिक लापरवाही से हुई हत्या है। मृतक परिवार को 1 करोड़ मुआवजा सरकारी नौकरी जिस परिवार का चिराग बुझ गया। उसकी भरपाई पैसों से नहीं हो सकती, परंतु सरकार तत्काल मृतक माँ के परिवार को 1 करोड़ रुपये मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे। जिस मार्मिक दृश्य में माँ अपने 4 वर्षीय बालक को सीने से चिपकाए जल में समा गई, सरकार उसे 'राष्ट्रीय शोक चित्र' घोषित करे। यह चित्र हर शासकीय कार्यालय, स्कूल, कलेक्ट्रेट, मंत्रालय और पर्यटन स्थल पर अनिवार्य रूप से लगाया जाए, ताकि हर अधिकारी को याद रहे कि लापरवाही की कीमत एक माँ-बेटे ने जान देकर चुकाई है। प्रदेश के सभी वाटर टूरिज्म प्रोजेक्ट की सुरक्षा ऑडिट हो। 15 दिन के अंदर प्रदेश के सभी बांध, क्रूज, बोटिंग पॉइंट की सुरक्षा जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। बिना लाइफ जैकेट, बिना प्रशिक्षित गोताखोर के कोई भी बोट न चले। डॉ. तरुण हत्थेल ने कहा कि यह केवल बरगी की घटना नहीं है। कल डोंगरगढ़, गंगरेल या किसी और बांध में हमारे परिवार के साथ भी ऐसा हो सकता है। सरकार यदि आज नहीं जागी तो जनता सड़क पर उतरेगी। मरने वालों के साथ न्याय होना ही चाहिए। डॉ. हत्थेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं पर्यटन मंत्री से मांग की है कि, 48 घंटे के अंदर दोषियों पर कार्यवाही कर पीड़ित परिवार से स्वयं मिलकर न्याय का भरोसा दिलाएं।

# जन समस्या निवारण शिविर में एक ही मंच पर हितग्राहियों की समस्याएं और मांगों का किया गया त्वरित समाधान



**विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए पात्र हितग्राही**

मोहला (दावा)। शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार जनसामान्य के लिए खुशहाली की दस्तक लेकर आया है। जहां एक ही मंच पर हितग्राहियों की समस्याएं और मांगों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। जनसामान्य की समस्याओं का निदान होने से उनके चेहरे पर चमक साफ देखने को मिल रहा है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत आज अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम विचारपुर में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 973 आवेदनों में से 16 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित कर समय-सीमा निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिविर का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष अंबागढ़ चौकी पुनऊ राम फुलकावरे ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर किया। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति नें विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण कर हितग्राहियों कों शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के दिए निर्देश। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजनों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित करने के साथ ही विभागीय योजनाओं के लाभ लेने आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया। मौके पर विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजन,आयुष्मान कार्ड, शौचालय निर्माण एवं तालाब निर्माण स्वीकृति आदेश एवं आवश्यक दस्तावेज वितरित किए गए। इस दौरान जनपद अध्यक्ष अंबागढ़ चौकी पुनऊ राम फुलकावरे, जनपद उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति त्रिपुरे, जनपद सदस्य श्रीमती सुशीला गावरे, जनपद सदस्य श्रीमती बिमला बाई, जनप्रतिनिधि दिलीप वर्मा, स्थानीय सभी जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती प्रियंवदा रामटेके सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी उपस्थित रहें। आयोजित शिविर में पंचायत विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान पूर्ण होने पर आवास की चाबी प्रदाय किया गया। 3 हितग्राहियों को शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी गई है। 4 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, 1 जन्म प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र 02 वितरित किया गया। मछली पालन विभाग द्वारा 2 हितग्राही को मछली जल एवं आइस बॉक्स वितरित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को डिजिटल किसान किताब कार्ड एवं 15 बी-1 प्रदान किया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं 5 सिंगार पेटी वितरित किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा 15 हितग्राहियों को फलदार पौधे वितरित किए गए। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

# जिले की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले होनहारों ने की जिला अधिकारियों से भेंट



राजनांदगांव (दावा)। शहर के गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) कंचनबाग की प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव ने कक्षा बारहवीं की गणित संकाय में कु. झरना देवांगन 93 प्रतिशत (जिले में 5वां स्थान), कु. विधि साहू 92 प्रतिशत (जिले में 9वां स्थान) व कक्षा दसवीं की मीनल साहू 93 प्रतिषत (शाला में प्रथम स्थान) प्राप्त कर शाला सहित जिले को गौरवान्वित किया। इस सफलता को लेकर प्राचार्य, शिक्षकों व 10वीं एवं 12वीं कक्षा के टॉपर विद्यार्थियों के साथ जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह एवं बीईओ भगत सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान छात्राओं की उत्कृष्ट उपलब्धियों एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत और सफलता के लिए बधाई दी तथा उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ये छात्र अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। यहां उपस्थित सभी छात्राओं में उत्साह देखा गया और उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों को दिया। इस अवसर पर प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उपप्राचार्य श्रीमती तामेश्वरी साहू, वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती वीणा स्वर्णकार, राहुल भीमटे, देवेश देवांगन सहित पालकगण उपस्थित रहे।

# बंगाल की जनता ने भय, आतंक और तुष्टिकरण की राजनीति को नकारा - रवि सिन्हा



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के पार्षद एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने पश्चिम बंगाल में उभरते राजनीतिक बदलावों और जनभावनाओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अब देश की जनता जागरूक हो चुकी है और लोकतंत्र को प्रभावित करने वाली किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों, तुष्टिकरण तथा भय आधारित राजनीति को स्वीकार करने के मूड में नहीं है। रवि सिन्हा ने कहा कि वर्षों तक पश्चिम बंगाल की राजनीति पर डर, भय, हिंसा और अराजकता का वातावरण हावी रहा। आम नागरिक लोकतांत्रिक अधिकारों के उपयोग में भी स्वयं को असहज महसूस करते थे, लेकिन अब परिस्थितियां बदल रही हैं और स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि वहां की आम जनता शांति, सुरक्षा, विकास और सुशासन आधारित राजनीति चाहती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और देश की सीमाओं की सुरक्षा तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था की पवित्रता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता लोकतंत्र की आत्मा है, इसलिए इस दिशा में पारदर्शिता और कठोरता आवश्यक है। रवि सिन्हा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सुशासन, विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जो विश्वास बना है, उसका प्रभाव पूरे देश में दिखाई दे रहा है। जनता अब जाति, धर्म, भय और भ्रम की राजनीति से ऊपर उठकर विकास, रोजगार, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के मुद्दों पर निर्णय ले रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश में लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा तथा जनता राष्ट्रवादी सोच और विकासोन्मुखी नेतृत्व को प्राथमिकता देगी।

# अनियंत्रित कार नदी में गिरी, 4 की मौत

कवर्धा (दावा)। जिले के पंडरिया क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर फोक नदी में जा गिरी। इस हादसे में चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सभी युवक रायपुर के बिरगांव क्षेत्र के रहने वाले थे और पंडरिया में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पांडातराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत उनकी कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और सीधे नदी में गिर गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। कार में सवार दो गंभीर रूप से घायल युवकों को तत्काल बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, हादसे में मृत सभी चार युवकों के शवों को नदी से बाहर निकाला गया और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि विस्तृत जांच की जा रही है।


# मातेखेड़ा हादसाः पीड़ित परिवार से मिले विधायक भोलाराम साहू, दी आर्थिक सहायता



छुरिया (दावा)। ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे में 13 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत के बाद खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू पीड़ित परिवार से मिलने उनके निवास ग्राम मातेखेड़ा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। विधायक भोलाराम साहू ने मौके पर ही आर्थिक सहायता प्रदान की तथा शासन स्तर पर चर्चा कर पीड़ित परिवार को अधिक से अधिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजू सिन्हा जिला महामंत्री कांग्रेस, राजकुमारी सिन्हा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, डॉ. प्रकाश शर्मा पूर्व विधायक प्रतिनिधि, मनोज सिन्हा पूर्व प्राधिकरण सदस्य, खलील कुरैशी वरिष्ठ समाजसेवी, राजिल कुरैशी मंडल अध्यक्ष गैंदाटोला, भीखम देवांगन उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, राजू सिंह राजपूत सचिव ब्लॉक कांग्रेस, गोपाल सेन सरपंच मातेखेड़ा, भुवन साहू ग्राम पटेल, नरेंद्र मानिकपुरी बूथ अध्यक्ष, मोहन साहू बीएलए, अरुण सेन, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

# मौसम ने लिया यू-टर्न, गर्मी से राहत, बारिश के आसार

**बादल छाए और रात में तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश**



राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी के बीच अब राहत के संकेत नजर आने लगे हैं। मौसम ने अचानक करवट लेते हुए लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत दी है। राजनांदगांव जिले में दिनभर तेज धूप के बाद शाम को बादल छाए और रात में तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई। पिछले एक सप्ताह से पूरे जिले में दिनभर चिलचिलाती धूप रही, लेकिन शाम होते-होते मौसम ने यू-टर्न ले लिया। आसमान में बादल छा गए और देर रात तेज हवाओं के साथ अंधड़ चला। कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई, जिससे तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन इसके बाद आने वाले 3 दिनों में प्रदेशभर में तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

# महराजपुर में तीन साल पहले बनी पानी टंकी बनी शो-पीस, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

छुरिया (दावा)। ग्राम पंचायत महराजपुर में पेयजल संकट से निपटने के लिए लाखों रूपयों की लागत से तीन साल पहले पानी टंकी का निर्माण किया गया था, लेकिन विडंबना यह है कि आज तक ग्रामीणों को पानी टंकी से पेयजल की सप्लाई नहीं हो पायी है। पानी टंकी महज शोपीस बनकर रह गई है। ग्राम भंडारपुर में आयोजित सुशासन तिहार में सरपंच सहित ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताते हुए पेयजल समस्या की मांग की है। शासन की महत्वपूर्ण योजना सुशासन तिहार वर्ष 2026 के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर विकासखण्ड छुरिया के ग्राम भंडारपुर में एक मई को आयोजित किया गया था। इस शिविर में 17 गांवों को शामिल किया गया था। शिविर प्रारंभ होते ही भीषण गर्मी में भी सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं की भारी भीड़ पंजीयन काउण्टर में उमड़ पड़ी। ग्राम पंचायत महाराजपुर की सरपंच श्रीमती क्षमा तिवारी एवं ग्रामीणों ने शिविर में पीएचई विभाग में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि लाखों रूपये की लागत से तीन साल पहले पानी टंकी का निर्माण किया गया था, लेकिन पानी टंकी से सप्लाई नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसका निराकरण करने की मांग की गई। शिविर में 806 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से अधिकांश वृद्धा पेंशन, उज्जवला गैस, पीएम आवास, नया राशन कार्ड, विकलांग पेंशन, विद्युत पोल, जमीन सीमांकन, हेण्ड पम्प खनन, सड़क, बिजली सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से तीन शिकायत आवेदन भी मिले है। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता मंडावी, गोपाल भूआर्य, श्रीमती बिरम मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, जनपद सदस्य श्रीमती भेषबाई साहू, जनपद सदस्य श्रीमती उत्तरा बाई निषाद, पल्ली नायडू, एमडी ठाकुर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, बोधन साहू, हिरेन्द्र साहू एवं एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, जनपद सीईओ होरीलाल साहू, तहसीलदार आकांक्षा साहू सहित समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।



**भंडारपुर सुशासन शिविर में उमड़ा जनसैलाब, 17 गांवों से आए 806 आवेदन, सरपंच ने पीएचई विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल**

### बोईरडीह से हालेकोसा, शिकारीमहका सड़क में मुरूम की मांग

भंडारपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीण खिलावन पटेल ने बोईरडीह से हालेकोसा एवं बोईरडीह से शिकारीमहका कच्ची सड़क मार्ग अत्यंत जर्जर होने से इस मार्ग में मुरूम डालने की मांग की। ताकि ग्रामीणों को सुचारू रूप से आवागमन में परेशानी न हो।

### मासूलजोब नहर नाली को पाटकर खेत बनाने की शिकायत

शिविर में मासूलजोब जलाशय के मुख्य नहर पिनकापार की ओर बने सहायक नहर को पाटकर खेत बनाने की धनीराम कंवर ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि ग्राम के महरू और दशरू कंवर द्वारा कब्जा कर खेत बना दिया गया है जिससे डेढ़ सौ एकड़ में 40 से 50 किसानों को सिंचाई योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### गांव से बहिष्कृत, उचित कार्यवाही की मांग

बिसाहूटोला के ग्रामीण अलखराम साहू ने शिविर में पुलिस विभाग चिचोला को शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि उसे गांव से बहिष्कृत कर दिया। जिससे उसे व उसके परिवार के समक्ष रोजी रोटी की समस्या आ पड़ी है। अतः इसकी शिकायत दर्ज कर उन नामों का उल्लेख करते हुए उचित कार्यवाही की मांग शासन प्रशासन से की है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार घुमका के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202604094700010**

विषयः- अ-27 मामले की श्रेणी :- राजस्व
सन :- 2025-2026 मुरमुंदा (प. ह. नं. 00010),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार परमानंद, संतोष, सनत, नरेंद्र, त्रिभुवन, जानकी,
अनावेदक पक्षकार - परमानंद,

**// ईश्तहार//**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमानन्द पिता जयराम निवासी ग्राम मुरमुंदा तहसील घुमका, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुतकर लेख किया गया है कि आवेदक व उनके सहखातेदारों के संयुक्त नाम व स्वामित्व में ग्राम मुरमुंदा प.ह.नं. 10, तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव में भूमि ख.नं. (रकबा) 412 (0.6840 हे.), 83 (0.3720 हे.) कृषि भूमि स्थित व दर्ज है। आवेदित भूमि को अपने जीवनकाल में अपने व अनावेदकगण के मध्य पारिवारिक व्यवस्था के तहत खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया. उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है.

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे सुनवाई तिथि 06/05/2026 तक लिखित मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/04/2026 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार**
घुमका, तह.व जिला-राजनांदगांव

## अनमोल दावा

**"समझनी है जिंदगी तो पीछे देखो, जीनी है जिंदगी तो आगे देखो।**

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम क्या देश की राजनीत तय करेंगे

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के जो भी परिणाम आएंगे वे देश के 2029 लोकसभा चुनाव की दिशा ब दशा तय करेंगे। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम चार मई को आयेंगे। इन चुनावों में मुख्य मुकाबला ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तुड़मूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच है हालांकि लेफ्ट और कांग्रेस भी मैदान में है। ममता बनर्जी की तुड़मूल कांग्रेस 2011से सत्ता में है जबकि भारतीय जनता पार्टी 2021 के विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी वोट लाकर 294 सदस्यीय विधानसभा में 77 सीट जीती थी। लेकिन ममता बनर्जी की तुड़मूल कांग्रेस ने 48 फीसदी वोट ले कर 213 सीट जीती थी।

भारतीय जनता पार्टी का सपना रहा है कि वह अंग,बंग, और कलिंग में सरकार बनाए। उसके अंग (बिहार) कलिंग (ओडिशा) में सरकार बन गई है और अब बंग (बंगाल) की बारी है। जनसंघ यानि आज की भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंगाल के ही थे। स्व. प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी कहते थे कि बंगाल जितने का सपना एक दिन पूरा होगा। लालकृष्ण आडवाणी, सुंदर सिंह भंडारी, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेई, कृष्णलाल शर्मा ने एक सेमिनार में कहा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चाहता है कि पश्चिम बंगाल में सरकार बनाए। भारतीय जनता पार्टी का सपना है कि वह पैन इंडिया पार्टी बने जिसका समूचे देश में सत्ता हो। ऐसा लगता है कि भाजपा ने 80 फीसदी लक्ष्य पूरा कर लिया है। आज उसकी संपूर्ण हिंदी भाषा के राज्यों , पूर्वोत्तर राज्यों, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा में सरकार है। जबकि दक्षिण भारत में कर्नाटक में सरकार रह चुकी है। केरल, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, राज्य शेष है। तेलंगाना में विरोधी दल है।

अगर भारतीय जनता पार्टी बंगाल विधानसभा चुनाव में बहुमत लाती है तो वह 2029 के लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर आसानी बहुमत प्राप्त कर लेगी। क्योंकि अभी 240 जीत गई थी क्योंकि महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, बंगाल लगभग 100 सीट बढ़ा लेगी जो अकड़ा 340 सीट का होगा इसमें जेडीयू, शिवसेना, एनसीपी का योग अलग होगा। उल्लेखनीय है कि उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तराखंड, असम, त्रिपुरा, नागालैंड, मणिपुर, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

दूसरा सवाल यह है कि अगर तुड़मूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीतती है तो ममता बनर्जी राष्ट्रीय क्षितिज पर भारतीय राजनीत में 2029 लोकसभा चुनाव में विपक्ष को एक जुट कर अपने नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को चुनौती पेश कर सकती है। इस घटना क्रम के बाद समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, लेफ्ट पार्टियों, बीजेडी, डीएमके, नेशनल कॉन्फ्रेंस, आप, ममता बनर्जी को नेता घोषित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को चुनौती पेश कर सकती है। यद्यपि कांग्रेस भी चाहेगी ये सभी पार्टियों उनके झंडे तले चुनाव लड़े और चुनाव तक ममता बनर्जी को भी इस इंडी गठबंधन में लिया जाय लेकिन कांग्रेस प्रधानमंत्री पद से कम पर तैयार नहीं होगी। पाश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी ने ममता बनर्जी को कई मुद्दों पर घेरा है।यहां तक कि राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गुंडों की संज्ञा दी जो जनता से अवैध उगाही, कट मनी मांगते हैं। ममता बनर्जी पर उन्होंने मुस्लिम ध्रुवीकरण का आरोप भी लगाया। विपक्ष की एकता का रास्ता उत्तरप्रदेश, बिहार से निकलेगा क्योंकि सपा नेता अखिलेश यादव, राजेडी के तेजस्वी यादव बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर उत्सुक हैं और ममता बनर्जी का साथ दे रहे हैं। बीजेडी के नेता नवीन पटनायक, दक्षिण में एम के स्टालिन भी ममता बनर्जी के साथ है। इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में सपा, कांग्रेस साथ मिलकर चुनाव मैदान में आ सकते हैं। दूसरी ओर बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी ने तो उत्तर प्रदेश की तैयारी भी शुरू करदी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस से बिगुल फूंकना चाहते हैं और हरदोई में594 किलो मीटर सिक्स लेन गंगा एक्सप्रेस वे का लोकार्पण भी दो दिन पहले किया है। कहने का मतलब उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव मोड में आ गई है। मप्र, राजस्थान, दिल्ली के कार्यकर्ताओं को समानांतर जिम्मेदारी दी जाएगी।

राष्ट्रीय महासचिव बाल संतोष लखनऊ में है। लेकिन सपा भी तैयार है क्योंकि मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी में होना है। देश में उत्तर प्रदेश में 80, जम्मू कश्मीर 06, हिमाचल प्रदेश 04, उत्तराखंड 05,दिल्ली 07, गुजरात 26, राजस्थान 25, मध्यप्रदेश 29, छत्तीसगढ़ 11, महाराष्ट्र 48, पश्चिम बंगाल 42 ओडिशा 21, झारखंड 11, बिहार 40, असम 14, तेलंगाना 17, आंध्र प्रदेश 23, तमिलनाडु 39, केरल 20, कर्नाटक 28, त्रिपुरा 2, गोवा 02, नागालैंड, मणिपुर, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल कुल 10 सीट है। कुल मिलाकर 542। पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है जो देश की आगामी राजनीति की दिशा व दशा तय करेंगे।

# 'बगिया से बस्तर' तक गूंजा सुशासन का स्वर जनता से सीधा संवाद बना विश्वास का आधार

## 40 दिवसीय 'सुशासन तिहार' में गांव-गांव पहुंच रहा प्रशासन

**एल.डी. मानिकपुरी**

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास होता है। सरकारें योजनाएं बनाती हैं, बजट प्रस्तुत करती हैं और विकास के दावे करती हैं, लेकिन इन सबकी सार्थकता तभी सिद्ध होती है जब उनका लाभ आम नागरिक तक पहुंचे और लोग स्वयं अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन महसूस करें। छत्तीसगढ़ में इसी सोच को साकार करने के लिए 'सुशासन तिहार' जैसे अभिनव अभियान की शुरुआत की गई है। 1 मई से 10 जून तक चलने वाला यह 40 दिवसीय अभियान शासन को सीधे जनता के द्वार तक ले जाने का एक प्रभावी प्रयास है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी गांव-गांव और शहरों के वार्डों में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुन रहे हैं और उनका समाधान कर रहे हैं। खास बात यह है कि यह पहल केवल औपचारिक निरीक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि संवाद, सहभागिता और समाधान पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की इस अभियान में सक्रिय भागीदारी इसे और अधिक प्रभावशाली बनाती है। उनका विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर जमीनी हकीकत का आकलन करना और आम जनता से सीधा संवाद करना यह दर्शाता है कि नेतृत्व केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भी प्रतिबद्ध है। तेज गर्मी और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच उनकी यह सक्रियता प्रशासनिक तंत्र के लिए भी एक प्रेरणा है।



'सुशासन तिहार' का मूल उद्देश्य शासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुख बनाना है। जब अधिकारी सीधे गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं, तो न केवल वास्तविक स्थिति स्पष्ट होती है, बल्कि लोगों के भीतर यह विश्वास भी मजबूत होता है कि उनकी आवाज़ सुनी जा रही है। इस प्रकार की पहल प्रशासन में संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व दोनों को सुदृढ़ करती है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे 'लोगों की सुनें, उन्हें सुनाएं नहीं' की भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रशासनिक अधिकारियों का व्यवहार ही शासन की छवि तय करता है। इसलिए आमजन के साथ संवाद करते समय शालीनता, धैर्य और सम्मान अनिवार्य होना चाहिए। जब कोई नागरिक शासकीय कार्यालय पहुंचे, तो उसे यह अनुभव होना चाहिए कि उसकी बात गंभीरता से सुनी जा रही है।

प्रदेश में आयोजित समाधान शिविर इस अभियान की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जहां पंचायत और वार्ड स्तर पर लोगों से आवेदन लेकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसमें जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है, जिससे शासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो रहा है।

हालांकि, इस पहल की वास्तविक सफलता उसके दीर्घकालिक प्रभाव और निरंतरता पर निर्भर करती है। निश्चित ही राज्य सरकार 'सुशासन तिहार' से प्राप्त अनुभवों के आधार पर प्रशासनिक व्यवस्था में स्थायी सुधार करेंगे और यह संवाद की यह प्रक्रिया भी लगातार जारी रहेगी। 'सुशासन तिहार' एक अभियान नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह इस बात का संकेत है कि यदि शासन और जनता के बीच विश्वास, संवाद और संवेदनशीलता बनी रहे, तो विकास की राह न केवल सशक्त होती है, बल्कि अधिक समावेशी बनेगी।

सहायक जनसंपर्क अधिकारी

# नन्हे कदम गढ़ेगें सशक्त भारत का भविष्य- आंगनबाड़ी केंद्रों का नया रूप, नई दिशा

**डॉ. दानेश्वरी संभाकर**

देश का भविष्य जिन नन्हे कदमों से आगे बढ़ता है, वे आज आंगनबाड़ी केंद्रों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और मुस्कान के साथ संवर रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्र कभी केवल पोषण और देखभाल तक सीमित माने जाते थे, वे अब प्रारंभिक शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और ग्रामीण रोजगार के समन्वित मॉडल के रूप में विकसित हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ के जशपुर, सूरजपुर, रायगढ़, महासमुंद, धमतरी, मुंगेली और नारायणपुर जैसे जिलें में दिख रहा यह सकारात्मक बदलाव अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रेरणास्त्रोत बन रहा है।

### भवन ही बन गया शिक्षक : 'बिल्डिंग ऐज़ लर्निंग एड' की अभिनव पहल

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से निर्मित आधुनिक आंगनबाड़ी भवनों ने सीखने के साधन के रूप में भवन की अवधारणा को साकार रूप दिया है। लगभग 11.69 लाख रुपए की लागत से बने इन भवनों में दीवारों, फर्श, सीढ़ियों और खुले स्थानों को शिक्षण सामग्री के रूप में विकसित किया गया है।

### धमतरी का 'बाला मॉडल' : सीखने का नया अनुभव

धमतरी जिले में बाला मॉडल ने प्रारंभिक बाल शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। मनरेगा, आईसीडीएस और 15वें वित्त आयोग के सहयोग से 81 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ, जिनमें से 51 पूर्ण हो चुके हैं। ग्राम उड़ेंना का केंद्र इस बदलाव की जीवंत तस्वीर है, जहाँ विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग के बच्चे खेल-खेल में सीख रहे हैं। दीवारों पर स्थानीय संस्कृति, गणितीय अवधारणाएँ और भाषा चार्ट, फर्श पर रंग और आकार तथा सीढ़ियों पर गिनती जैसे नवाचार बच्चों में जिज्ञासा और सीखने की रुचि को बढ़ा रहे हैं।

### शिक्षा के साथ रोजगार का मजबूत आधार

मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण ने दोहरा लाभ दिया है। एक ओर गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना विकसित हुई है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार के अवसर मिले हैं। इससे परिवारों की आय में वृद्धि हुई है और ग्रामीणों के पलायन में कमी आई है। इस प्रकार आंगनबाड़ी केवल बच्चों के विकास का केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का माध्यम भी बन गया है।

### खेल-खेल में सीखता बचपन, खिलखिलाता माहौल

महासमुंद के शहरी क्षेत्रों से लेकर नारायणपुर के दूरस्थ वनांचल तक, आंगनबाड़ी केंद्रों में नया वातावरण साफ दिखाई देता है। आकर्षक दीवारें, शैक्षणिक चार्ट, कविताएँ और खेल सामग्री ने इन्हें आधुनिक प्ले-स्कूल जैसा रूप दे दिया है। बच्चे अब उत्साह के साथ केंद्र आते हैं और भाषा, गणित व व्यवहारिक ज्ञान को आनंदपूर्वक सीखते हैं।

### पोषण, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता का केंद्र

आंगनबाड़ी केंद्र अब बच्चों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और किशोरियों के लिए भी महत्वपूर्ण केंद्र बन चुके हैं। यहाँ पोषण, पूरक पोषण आहार टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श सेवाएँ नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। दीवारों पर लिखे संदेश जितनी बेहतर वजन रेखा, उतना स्वस्थ बच्चा और लड़का-लड़की एक समान सामाजिक परिवर्तन का संदेश भी दे रही हैं।

### सशक्त भारत की मजबूत नींव

आंगनबाड़ी केंद्रों का यह परिवर्तन राष्ट्रीय शिक्षा नीति और पोषण अभियान के लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर साकार कर रहा है। 11.69 लाख रुपए की लागत से निर्मित प्रत्येक केंद्र अब बच्चों के सर्वांगीण विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्रामीण रोजगार का समन्वित मॉडल बन चुका है। आज आंगनबाड़ी केंद्र वास्तव में बच्चों की पहली पाठशाला बन गए हैं, जहाँ शिक्षा, पोषण, सुरक्षा और रोजगार मिलकर एक सशक्त, समावेशी और विकसित भारत की नींव रख रहे हैं।

लेखक उप संचालक (जनसंपर्क)हैं।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम : 425 : श्री राम ने कहा, समय को वापस लौटाना प्रकृति के नियमों के विरुद्ध

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



दूसरे दिन प्रात चित्रकूट सभा प्रारंभ हुई। शीर्ष आसंदी पर गुरु वसिष्ठ विराजे। माता कौशल्या, सुमित्रा और कैकेई ने भी अपने-अपने आसन ग्रहण किए। श्री राम और लक्ष्मण जी वनवासी तपस्वियों की वेशभूषा में थे। भरत व शत्रुघ्न जी अपने लिए नियत आसन पर बैठे। मंत्री सुमंत, निषादराज के अतिरिक्त अयोध्या से आए ऋषि-मुनियों ने भी अपने आसन ग्रहण किए। चित्रकूट के वातावरण में अब प्रारंभिक? ग्रीष्मकाल की उष्णता का प्रभाव है। निकट ही मंदाकिनी नदी का तट होने के कारण अनेक वन्य पशु भी अपनी प्यास बुझाने के लिए यहाँ आते हैं। श्री राम की पर्णकुटी के पास अनेक घने वृक्ष हैं, जिन पर पक्षियों का निवास है। यह सभा भी इन्हीं वृक्षों की शीतल छाया में आयोजित हो रही है।

वातावरण में गहरी निस्तब्धता है। इसे अपने कर्णप्रिय वचनों से भंग करते हुए भरत जी ने कहा, ''मैं अयोध्या का राजकुमार भरत, अपने राजपुरोहित कुलगुरु वसिष्ठ समेत अन्य उपस्थित ऋषिमंडल, माताओं, अयोध्या के गणमान्य प्रजाजन तथा मंत्रीमंडल का इस सभा में स्वागत करता हूँ। मैं अयोध्या के स्वर्गीय नरेश महाराज दशरथ के बैकुण्ठ प्रस्थान के पश्चात अपने ज्येष्ठ भ्राता राम, भाभी सीता तथा अनुज लक्ष्मण को वापस अयोध्या लौटाने की इच्छा से यहाँ उपस्थित हुआ हूँ। प्रजाजन की भी इसमें सम्मति है। मैं भ्राता राम से इसी सभा में अयोध्या का राजपद स्वीकारने और उनसे अयोध्या लौट चलने की विनय करता हूँ। मैं गुरुदेव से इस संबंध में उचित मार्गदर्शन प्रदान करने का भी निवेदन करता हूँ।''

भरत जी के इस प्रस्ताव का सभा ने करतल ध्वनि से अनुमोदन किया। उपस्थित लोगों ने हर्षनाद करते हुए श्री राम की जयध्वनि भी की।

गुरु वसिष्ठ ने भरत जी के प्रस्ताव पर अपनी सम्मति व्यक्त करते हुए कहा, ''प्रिय भरत का प्रस्ताव सर्वथा उचित है। अब राम को अयोध्या वापस लौटकर महाराज दशरथ के प्रजा हितैषी कार्यों को आगे बढ़ाना चाहिए।''

श्रीराम ने गुरु की बात सुनकर सर्वप्रथम हाथ जोड़कर सभा को प्रणाम किया और फिर अपनी मृदु वाणी में सभी को संबोधित करना प्रारंभ किया-

''उपस्थित महानुभावों। यह दशरथ पुत्र राम आप सबकी यहाँ उपस्थिति के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता है। मेरे अयोध्या से प्रस्थान के बाद से सरयू और मंदाकिनी की धारा में विपुल जलराशि प्रवाहित हो चुकी है। बीते हुए समय को लौटाना प्रकृति के नियमों की अवहेलना होगी।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

# गर्मी में डिहाइड्रेशन से बढ़ सकता है किडनी स्टोन का खतरा


पानी की कमी से पौधों की तरह ही ह्यूमन बॉडी को नुकसान पहुंचता है। डिहाइड्रेशन की वजह से कई सीरियस कॉम्प्लिकेशंस भी होते हैं जिसमें सबसे ज़्यादा खतरा किडनी पर बढ़ता है क्योंकि ब्लड फिल्टर करने के लिए डबल मेहनत करने की वजह से किडनी पर प्रेशर बढ़ जाता है और फिर उस वजह से किडनी स्टोन की समस्या भी बढ़ती है। गर्मी मे किडनी स्टोन का रिस्क क्यों बढ़ता है?

गर्मी और उमस में ज्यादा पसीना निकलने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे किडनी खून को ठीक से फिल्टर नहीं कर पाती, टॉक्सिन्स जमा होने लगते हैं और यही धीरे-धीरे सख्त होकर किडनी स्टोन का रूप ले लेते हैं।

ज्यादा नमक, मीठा और नॉन-वेज खाने से भी ये खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि ये यूरिन में कैल्शियम और यूरिक एसिड बढ़ाते हैं। इसके अलावा ज्यादा प्रोटीन, असंतुलित कैल्शियम और जेनेटिक फैक्टर्स भी पथरी बनने के महत्वपूर्ण कारण हैं। किडनी स्टोन में कौन सी चीज है फायदेमंद किडनी स्टोन में खट्टी छाछ, कुलथ की दाल और उसका पानी, जौ का आटा व पत्थरचट्टा के पत्ते फायदेमंद माने जाते हैं, साथ ही सुबह नीम के पत्तों का एक चम्मच रस और शाम को पीपल के पत्तों का एक चम्मच रस लेना भी लाभकारी बताया जाता है।

शरीर डिहाइड्रेटेड होने से खून में शुगर लेवल बढ़ जाता है बीपी लो हो जाता है और डिहाइड्रेशन न्यूरोलॉजिकल ट्रिगर का काम करके माइग्रेन बढ़ा देता है। शरीर में वाटर लेवल कम होने से आंते बॉडी वेस्ट से पानी सोख लेती है जिससे कब्ज़ की दिक्कत होती है और बैक्टीरिया भी शरीर से बाहर नहीं निकल पाते जिससे यूटीआई की प्रॉब्लम भी हो जाती है।

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन हाई एनर्जी और भावनात्मक रूप से जमीन से जुड़े रहने की जरूरत का एक अनोखा मेल है। देखा जाए तो जहाँ एक तरफ सूर्यदेव आपकी महत्वाकांक्षाओं को बढ़ा रहे हैं, वहीं वृश्चिक राशि के चंद्रदेव आपसे शेयर्ड रिसोर्सेज के प्रति सावधानी बरतने को कह रहे हैं। यह दिन साहस के साथ आगे बढ़ने का है, लेकिन कोई भी बड़ा फैसला अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर ही लें। चंद्रदेव का यह गोचर विशेष रूप से आपकी मानसिक जागरूकता और चीजों की गहराई से जांच करने की प्रवृत्ति को बढ़ा सकता है।



**वृष राशि**

आज का दिन व्यक्तिगत आकर्षण और गहरी भावनात्मक समझ का एक खूबसूरत तालमेल पेश कर रहा है। आपकी राशि में शुक्रदेव की मौजूदगी से आपका आकर्षण बढ़ा हुआ है, जिससे आप अपनी इच्छाओं को आसानी से पूरा कर पाएंगे। हालांकि, सातवें भाव (साझेदारी का क्षेत्र) में चंद्रदेव की उपस्थिति आपकी और पार्टनर की जरूरतों के बीच एक बारीक संतुलन बनाने की मांग करती है। आपके पहले भाव में शुक्रदेव आपकी पर्सनालिटी और कलात्मक समझ को और निखार रहे हैं। मेष राशि के सूर्यदेव और बुधदेव आपके बारहवें भाव में हैं।




**मिथुन**

आज का दिन बड़े स्तर की नेटवर्किंग से हटकर अपने दैनिक जीवन की व्यावहारिक चीजों पर ध्यान केंद्रित करने का है। आपकी राशि में बृहस्पतिदेव के होने से आपका व्यक्तिगत विकास और आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। फिर भी ग्रहों की स्थिति इन बड़े विचारों को ठोस आदतों में बदलने की सलाह दे रही है। यह दिन अपने आसपास के माहौल को व्यवस्थित करने और उन छोटी बारीकियों पर ध्यान देने का है जो सफलता दिलाती हैं। मेष राशि के सूर्यदेव और बुधदेव आपके सामाजिक जीवन और लंबी अवधि के लक्ष्यों को ऊर्जा दे रहे हैं।



**कर्क**

आज का दिन अपनी खोल से बाहर निकलने और अपनी अनूठी चमक को दुनिया के साथ साझा करने का है। हालांकि आपका स्वभाव खुद को सुरक्षित रखने का है, लेकिन ग्रहों की स्थिति एक एक्सप्रेसिव और आनंदमयी नजरिया अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। वृश्चिक राशि में चंद्रदेव का पांचवें भाव में गोचर विशेष रूप से आपके रोमांस और क्रिएटिविटी के क्षेत्र को सक्रिय कर रहा है। मेष राशि के सूर्यदेव और बुधदेव आपके करियर के दसवें भाव को रोशन कर रहे हैं, जो आपको सुर्खियों में ला सकते हैं।




**सिंह**

आज का दिन आपकी सार्वजनिक आकांक्षाओं और निजी जरूरतों के बीच एक हलचल भरा तनाव पैदा कर सकता है। मेष राशि की ऊर्जा आपको नई ऊंचाइयों की तरफ ले जा रही है, फिर भी ग्रहों की स्थिति एक मजबूत घरेलू बुनियाद की मांग करती है। वृश्चिक राशि में चौथे भाव (सुख और माता का क्षेत्र) के चंद्रदेव का गोचर याद दिलाता है कि असली शक्ति मन की शांति से आती है। मेष राशि के सूर्यदेव और बुधदेव आपकी समझ और एडवेंचर की इच्छा का विस्तार कर रहे हैं।




**कन्या**

आज का दिन बातचीत की शक्ति और आपके आसपास के माहौल की अहमियत पर जोर देता है। ग्रहों की स्थिति गहरे आंतरिक बदलावों की तरफ इशारा कर रही है, फिर भी आपका ध्यान उन प्रोजेक्ट्स की तरफ खिंचा रहेगा जो सामने हैं। मेष राशि के सूर्यदेव और बुधदेव आपके आठवें भाव में हैं, जो शेयर्ड रिसोर्सेज और बदलाव को हाईलाइट कर रहे हैं। मीन राशि के मंगलदेव और शनिदेव सातवें भाव में हैं, जो आपकी पार्टनरशिप में एक गंभीर माहौल ला रहे हैं।




**तुला**

आज का दिन आपके व्यक्तिगत मूल्यों और भौतिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का संकेत दे रहा है। सातवें भाव में सूर्यदेव और बुधदेव का जमावड़ा आपकी पार्टनरशिप में काफी हलचल और नई बातचीत ला रहा है। देखा जाए तो यह दिन समझौते की कला और खुद को सुरक्षित रखने के बीच संतुलन बनाने का है। वृश्चिक राशि में चंद्रदेव का गोचर दूसरे भाव को प्रभावित कर रहा है, जो आपको आर्थिक आदतों की जांच के लिए प्रेरित करेगा।



**वृश्चिक**

आज चंद्रदेव आपकी ही राशि में गोचर कर रहे हैं, जो आपको सीधे तौर पर आपके भाग्य की कमान सौंप रहे हैं। मेष राशि के ग्रह आपके दैनिक जीवन को व्यस्त रखेंगे, लेकिन आपका आंतरिक जगत एक गहरे बदलाव से गुजरेगा। यह दिन बाहरी सलाह के बजाय अपनी अंतरात्मा की आवाज पर भरोसा करने का संकेत दे रहा है। मेष राशि के सूर्यदेव और बुधदेव आपके छठे भाव में हैं, जो वर्क एथिक्स और सेहत पर ध्यान देने की मांग कर रहे हैं। मंगलदेव और शनिदेव आपकी क्रिएटिव ऊर्जा को जिम्मेदारी के साथ जोड़ रहे हैं।



**धनु**

आज आप अपने अवचेतन मन की गहरी परतों को टटोल सकते हैं, जहाँ शांति और अकेलेपन में असली शक्ति मिलेगी। मेष राशि में सूर्यदेव और बुधदेव आपकी क्रिएटिविटी और रोमांस को जगा रहे हैं। वृश्चिक राशि के चंद्रदेव बारहवें भाव को सक्रिय कर रहे हैं, जो आपको उन चीजों को छोड़ देने की सलाह देते हैं जो अब जरूरी नहीं हैं। बृहस्पतिदेव मिथुन राशि में रहकर आपके पार्टनरशिप का विस्तार कर रहे हैं और दूसरों के जरिए नए नजरिए ला रहे हैं। मीन राशि में मंगलदेव और शनिदेव घर और परिवार को जिम्मेदारी के अहसास से जोड़ रहे हैं।




**मकर**

आज का दिन आपकी घरेलू जिम्मेदारियों और सामूहिक भलाई की इच्छा के बीच संतुलन बनाने का है। मेष राशि में सूर्यदेव और बुधदेव आपके चौथे भाव में हैं, जिससे घरेलू जीवन में काफी हलचल और नई बातचीत बढ़ेगी। वृश्चिक राशि के चंद्रदेव आपके दोस्ती और लाभ के ग्यारहवें भाव को सक्रिय कर रहे हैं, जिससे नेटवर्क के जरिए प्रभाव बढ़ेगा। शनिदेव और मंगलदेव आपकी डेली बातचीत में एक अनुशासित और दृढ़ आवाज जोड़ रहे हैं।



**कुंभ**

आज का दिन आपको अपनी व्यक्तिगत शैली और सामाजिक प्रतिष्ठा के बीच एक महत्वपूर्ण चौराहे पर खड़ा करता है। मेष राशि में सूर्यदेव और बुधदेव आपके तीसरे भाव को ऊर्जा दे रहे हैं, जिससे कम्युनिकेशन और यात्राओं के योग बन रहे हैं। वृश्चिक राशि में चंद्रदेव आपके दसवें भाव (करियर का क्षेत्र) को सक्रिय कर रहे हैं, जो करियर की गहराई से जांच के लिए प्रेरित करेंगे। शनिदेव और मंगलदेव आपकी आर्थिक सुरक्षा और व्यक्तिगत मूल्यों के प्रति एक गंभीर नजरिया मांग रहे हैं।



**मीन**

आज आप तात्कालिक समस्याओं से परे देखकर जीवन के उच्च उद्देश्यों से जुड़ सकते हैं। आपकी राशि में मंगलदेव और शनिदेव की मौजूदगी आपको अपने सपनों को पूरा करने के लिए गजब का साहस और सहनशक्ति प्रदान कर रही है। वृश्चिक राशि में चंद्रदेव आपके नौवें भाव (भाग्य और ज्ञान का क्षेत्र) को सक्रिय कर रहे हैं, जिससे आध्यात्मिक यात्रा के योग बनेंगे। मेष राशि के सूर्यदेव और बुधदेव दूसरे भाव में हैं, जो आपकी ऊर्जा को आर्थिक सुरक्षा पर केंद्रित कर रहे हैं।

## सामयिक चर्चा

# लालच का अन्त नहीं हैं

अखबार उठा कर पढ़ते ही
आँखे कपाल पर चढ़ा कर
बानी बोल उठे-
''सुनिए तो गजाधर!
आज महान आश्चर्य की खबर-
प्रवर्तन निदेशालय ने
बिलासपुर और दुर्ग में
बड़ी कार्रवाई की है-
बिलासपुर में फरार आरोपी
विकास अग्रवाल के भाई
विवेक अग्रवाल के ठिकानों पर
मारी गई रेड में
सत्रह किलो सोना, हीरों का हार
और भारी मात्रा में रकम जब्त की है।
यह खबर सुनकर गजाधर!
आपके मन में आपसे
क्या बात कही है?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''बानी! यही कि
लालच का अन्त नहीं है।''
(सोमवार 4 मई 2026)



-गिरीश बख्शी

## कविता

# नाना-नानी के घर जाएंगे

गर्मी छुट्टी हो गई अब हम, नाना-नानी के घर जाएंगे।
रिशान लोरी मानस के संग, खूब-खूब मजा उड़ाएंगे।।
घर के पीछे पेड़ आम का, जो मीठे रसीले लदे-लदे।
'गरती' से जब मन ना माने, हम धेले मार गिरायेंगे।।
प्रगति के नाम पर आखिर, बलि चढ़ रही है अमराई।
प्रकृति और मानव मध्य नित, गहरा रहीं हैं अब खाई।।
यहाँ कहां चिड़ियों का कलरव, गुंजन न्यारे भंवरों का।
टी वी में ही देखी कोयल, कूक कहीं न और सुनी सुनाई।।
बिजौरी बड़ी अचार पापड़, इमली लाटा नानी ने बनायी।
पिछली गरमी याद जब, चटकारे ले-ले हम सबने खायी।।
नदी की रेत वो मेढ़ खेत, बेर की परेतिन गूलर में प्रेत।
नानी की वो हॉरर बातें भातीं, हों चाहे सब बुनी बुनाई।।
कभी मेहनत से न जी चुराए हैं, अंक भी अच्छे लाए हैं।
सांस्कृतिक योग खेलकूद में, सहभागिता निभाए हैं।।
औपचारिक होते रिश्तों में, बस शेष रहा वीडियो कॉलिंग।
संग हमारे चलो न पापा, शहर से छोटे मामाजी आए हैं।।
मामी बनाती कईयों व्यंजन, मामाजी आइसक्रीम लाते।
हर रेसिपी में माहिर मौसी, उँगली चाँट-चाँट हम खाते।।
जीवन अनुभव का खजाना, जब हमें बताते प्यारे नाना।
उनके तो हर अंदाज निराले, वे सदा हँसते और हँसाते।।
कूलर सीध सोने खातिर, हम बच्चों का जिद्द पर अड़ना।
कभी छोटे-बड़े आम खातिर, कभी गुठली के लिए लड़ना।।
संभावनाओं से परे जो हरदम,
साँप-सीढ़ी बड़ी निराली।
हार कर भी जो हार न माने,
जीत के लिए झगड़ पड़ना।।



- रोशन साहू 'मोखला'(राजनांदगांव)

# सुदूर वनांचल सरोधी में खाट पर सजी मुख्यमंत्री की चौपाल, समस्याओं का मौके पर निपटारा

खैरागढ़ (दावा)। सुंदुर वनांचल क्षेत्र सरोधी के ग्रामीण अचानक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अपने बीच पाकर गदगद हुए।।सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को अचानक खैरागढ़-छुईखदान, गण्डई जिले के विकासखण्ड छुईखदान के ग्राम-सरोधी पहुंचे। मुख्यमंत्री को अचानक अपने बीच पाकर ग्रामीण बेहद गदगद होकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान गांव की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने विष्णु देव साय को महुआ, चार, आम, रखिया बड़ी की टोकरी भेंटकर उनका स्वागत किया। इसी तरह स्कूली छात्रों ने भी विष्णुदेव साय को अपने हाथों से बनाएं गुलमोहर एवं कनेर फूल के गुलदस्ता से स्वागत किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरोधी गांव में के पूर्व माध्यमिक शाला के मैदान में स्थित कटहल और गुलमोहर पेड़ के नीचे खाट में बैठकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि आप सब को मालूम है कि हमारे छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार चल रहा है। यह शुक्रवार 1 मई से 10 जून तक चलेगा। लगभग 40 दिनों में पूरा सरकार आपके द्वार पहुंचेगा। सुशासन तिहार में हम आपका हाल-चाल, सुख-दुख सुनने, महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानने आपके गांव, आपके बीच आए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन तिहार केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार की जवाबदेही और पारदर्शिता का प्रतीक है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाएं कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी इसी प्रकार पहले गांव-गांव से समस्याएं एकत्रित की गई थीं और बाद में समाधान शिविर लगाकर उनका निराकरण किया गया था। इस वर्ष भी 40 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में यही प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा हमारी सरकार को महज 28 माह हुए है। जिसमें हमने मोदी की गारंटी के तहत अधिकांश वादे पूरे कर लिए है। हमने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास, 31 सौ क्विंटल में किसानों से लगातार धान की खरीदी, 2 साल का बकाया बोनस, 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 26 किश्तों के माध्यम से लगभग 1700 करोड़ रूपये प्रदान किए जा चुके है। कई महिलाएं इस राशि का उपयोग सिलाई बुनाई, अपने छोटे-छोटे दुकानों को बढ़ाने, सुकन्या समृद्धि योजना जैसे कार्यों में कर रही हैं। जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से भी किसानों को नियमित सहायता दी जा रही है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य जल्द शुरू होगा और इसकी दर 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा कर दी गई है। जिससे वनांचल क्षेत्र



सुशासन तिहार : कटहल की छांव में ग्रामीणों से रूबरू हुए सीएम विष्णु देव साय, क्षेत्र के लिए की करोड़ों की घोषणाएं

के लोगों की आय में वृद्धि होगी। रामलला दर्शन योजना और तीर्थ यात्रा दर्शन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर भी उपलब्ध करा रही है। विष्णुदेव साय ने कहा कि मुझे बताया गया है कि आपके गाँव में कुल 70 स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास में से 14 लोगों का बनकर तैयार हो गए हैं एवं 43 प्रगतिरत है। इसी तरह इस गांव में बड़ी संख्या में हमारे विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज के लोग निवासरत है। प्रधानमंत्री जनमन आवास के माध्यम से 65 मकान स्वीकृत हुए हैं। जिसमें 63 घर पूर्ण बनकर तैयार हो गए है। गांव में वन विभाग द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के 59 हितग्राही सहित कुल 165 लोगों को व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा प्रदान किया गया है। साथ ही 9 सामुदायिक वन अधिकार पत्र प्रदान किए है। यहां योजनाओं की अच्छी स्थिति दिख रही है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से शासन की योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना,राशन, स्कूल में बच्चों की शिक्षा सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने चौपाल मे उपस्थित ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और एक-एक कर उनकी समस्या के बारे में पूछा तथा अधिकारियों को जन समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने इस दौरान मुख्य रूप से गांव में जलजीवन मिशन की समस्या के बारे में अवगत कराया। जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तत्काल संबधित विभाग अधिकारी को व्यवस्था को तत्काल दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनचौपाल में ग्राम सरोधी में पीडीएस गोदाम हेतु भवन, नवीन ग्राम पंचायत भवन, पूर्व माध्यमिक शाला सरोधी के लिए नवीन भवन की घोषणा की। साथ ही छुईखदान से बकरकट्टा मार्ग लम्बाई 8 किमी में चौडीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, तेन्दूभाठा से जोम ओटेबंध तक सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित लंबाई 4 किमी, साल्हेवारा-पण्डरापानी, समुंदधानी मार्ग पर मगुरदा नाला पर पुल निर्माण, पीएचसी बकरकट्टा में 108 एम्बुलेन्स की तैनाती, बकरकट्टा से नवागांव सड़क लंबाई 2.70 किमी नवीनीकरण की स्वीकृति तथा क्षेत्र में 33 केवी विद्युत सब स्टेशन की घोषणा की। लोगों के मांग अनुसार कुम्ही से भोथली व्हाया मरकाटोला, लंबाई 8.50 किमी सड़क, कोपरो से ग्वालगुंडी सड़क में दो वृहद पुल आर डी 4000 मी पर 60 मी एवं आर डी 4500 मी पर 100 मी तथा बैगा साल्हेवारा से मुरुम सड़क की आरडी 3800 मी पर 80 मी वृहद पुल की घोषणा की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य हेमलता मंडावी व जिला पंचायत सभापति ललित चोपड़ा, सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, वरिष्ठ भाजपा नेता निजाम मंडावी, बैगा समाज प्रमुख जीवन, अमर सिंह, सरोधी सरपंच गौतम यादव, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रजत कुमार बंसल, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, डीएफओ पंकज सिंह राजपूत, जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### सुशासन तिहार प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक मजबूत कदम : रमन डोंगरे

**कृषि उपज मंडी में लगा जनसमस्या निवारण शिविर, मौके पर ही आवेदनों का हुआ निराकरण**



डोंगरगढ़ (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज कृषि उपज मंडी में नगर पालिका द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। नगर के विभिन्न वार्डों के लिए आयोजित इस शिविर में नामांतरण, प्रमाण पत्र और पेंशन जैसी नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने स्टालों का अवलोकन किया और हितग्राहियों से चर्चा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने इसे प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि इससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है।

**अधिकारियों को संवेदनशीलता बरतने के निर्देश**

शिविर में राजस्व प्रकरणों जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के साथ-साथ विभिन्न विभागीय योजनाओं के आवेदन लिए गए। पालिका अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे नगरवासियों की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता के साथ करें।

उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि भविष्य में शासन प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने के लिए आवेदनों का निराकरण बिना विलंब के होना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद अमित जैन, सुमित मिश्रा, डिकेंस राव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश कुमार तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### साल्हेटोला संकुल में परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावियों का हुआ सम्मान

**30 अप्रैल को सभी शालाओं में एक साथ बांटी गई अंकसूची, परिणाम पाकर खिले बच्चों के चेहरे**



छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विकासखंड छुरिया के संकुल केंद्र साल्हेटोला में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम औपचारिक रूप से घोषित कर दिया गया है। 30 अप्रैल को संकुल के अंतर्गत आने वाली सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में एक साथ परिणाम जारी कर विद्यार्थियों को अंकसूची एवं समग्र कार्ड का वितरण किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसरों में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

अपना रिपोर्ट कार्ड प्राप्त कर जहां मेधावी छात्र खुशी से झूम उठे। वहीं अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों और पालकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

**शिक्षकों ने दिया सफलता का मंत्र**

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करें और निरंतर अध्ययन व अनुशासन बनाए रखें। साथ ही जिन विषयों में विद्यार्थी कमजोर रहे।

उनके लिए शिक्षकों ने विशेष मार्गदर्शन देते हुए आगामी सत्र में और अधिक मेहनत करने हेतु प्रोत्साहित किया। संकुल केंद्र साल्हेटोला के अंतर्गत आने वाली सभी ग्रामीण शालाओं में अंकसूची वितरण का कार्य बेहद शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। शाला प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों के आपसी समन्वय से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल देखने को मिला।

## 2 महीने का वादा हुआ हवा-हवाई, 20 किमी दूर बैंक जाने को मजबूर किसान अब आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे

डोंगरगढ़/ चारभाठा (दावा)। राजनांदगांव जिले के चारभाठा क्षेत्र में बैंक शाखा खोलने का प्रशासनिक वादा पूरी तरह फेल साबित हुआ है। 2 महीने के भीतर बैंक शुरू करने का लिखित आश्वासन देकर चक्काजाम खुलवाने वाले अधिकारी अब अपनी ही डेडलाइन भूलकर मौन बैठे हैं। नतीजा यह है कि आज भी दर्जनों गांवों के हजारों किसानों को अपनी ही जमा पूंजी निकालने के लिए 20 किलोमीटर दूर का सफर तय करना पड़ रहा है। प्रशासन की इस वादाखिलाफी से क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उन्होंने एक बार फिर सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है।

**साख पर सवाल : सिर्फ जाम हटवाने के लिए था आश्वासन**

पिछले आंदोलन के समय अधिकारियों ने बड़ी तत्परता दिखाते हुए भरोसा दिलाया था कि किसानों की तकलीफ दूर करना उनकी प्राथमिकता है, लेकिन अब ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं कि वह प्राथमिकता सिर्फ हाईवे से जाम हटवाने तक ही सीमित थी। आज



प्रशासन की वादाखिलाफी से चारभाठा क्षेत्र में आक्रोश, चक्काजाम खुलवाने दिया था आश्वासन, अब अधिकारी मौन

स्थिति यह है कि बुजुर्गों को अपनी पेंशन के लिए और किसानों को खाद-बीज के पैसों के लिए पूरा दिन बर्बाद कर दूसरे शहर जाना पड़ता है। 20 किलोमीटर की यह दूरी प्रशासन की संवेदनहीनता को दर्शा रही है।

**डिजिटल इंडिया के दौर में लाठी टेकते बुजुर्गों का सफर**

एक तरफ डिजिटल इंडिया का ढोल पीटा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर धरातल पर एक बुजुर्ग को लाठी टेकते हुए बैंक की आस में मीलों का सफर तय करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि उनकी दिहाड़ी और पूरा दिन सिर्फ इसलिए बर्बाद हो जाता है क्योंकि अफसरों की फाइलों मेंउचित स्थान और प्रक्रिया का खेल खत्म नहीं हो रहा है। सवाल यह उठता है कि क्या सरकारी तंत्र इतना लाचार है कि एक बैंक की शाखा खोलने के लिए उसे वर्षों का समय चाहिए?

**आंदोलन की चेतावनी : अब आश्वासन से नहीं खुलेगा जाम**

जनता का सब्र अब जवाब दे रहा है। ग्रामीणों ने साफ कर दिया है कि यदि प्रशासन ने अपनी नींद नहीं तोड़ी और वादे के मुताबिक बैंक नहीं खोला, तो इस बार का चक्काजाम सिर्फ कोरे आश्वासनों से नहीं खुलेगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि जो हाथ खेत जोतकर सबका पेट भर सकते हैं। वही हाथ अपने हक के लिए सिस्टम का चक्का जाम करना भी बखूबी जानते हैं।

## सुशासन तिहार 2026: जनसमस्या निवारण शिविर में मिली तालाब निर्माण की स्वीकृति

मोहला (दावा)। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर आमजन के लिए राहत और समाधान का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। ग्राम विचारपुर के आश्रित ग्राम ठाकुरबाधा के ग्रामीणों को इस शिविर के माध्यम से एक बड़ी सौगात मिली है। यहां जल संचयन के लिए तालाब निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पहल से वर्षों से जल संकट का सामना कर रहे ठाकुरबाधा के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। ग्राम विचारपुर की सरपंच श्रीमती पूनई बाई खोभा ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। सरपंच श्रीमती खोभा ने बताया कि ठाकुरबाधा में लंबे समय से जल समस्या बनी हुई थी। जिससे ग्रामीणों को दैनिक उपयोग और खेती-किसानी में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब तालाब निर्माण से जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा और गांव में स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। विचारपुर में आयोजित शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने सुशासन तिहार को एक प्रभावी पहल बताया, जिसके माध्यम से प्रशासन सीधे जनता की समस्याओं का समाधान कर रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिल रही।



ग्रामीणों ने जताया आभार, जल संचयन के साथ दैनिक उपयोग में मिलेगी मदद

## शासन पहुंचा घर के द्वार, सपने हुए साकार : सुशासन तिहार में मिली पक्के मकानों की चाबी

मोहला (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत विचारपुर में आयोजित जन-समस्या निवारण शिविर ने सुशासन की सार्थकता को जमीन पर उतारते हुए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह शिविर केवल एक आयोजन नहीं था, बल्कि ऐसा मंच बना, जहां शासन ने सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान किया और योजनाओं का त्वरित लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया।

शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत श्रीमती केजा बाई, श्रीमती शांति बाई और श्रीमती सुलोचना बाई को उनके पूर्ण हो चुके पक्के मकानों की चाबी सौंपी गई। वर्षों से कच्चे और असुरक्षित घरों में जीवन बिताने वाली इन महिलाओं के लिए यह पल बेहद भावुक और संतोष से भरा हुआ था। बरसात में टपकती छत, मौसम की मार और असुरक्षा के बीच बीता उनका संघर्षपूर्ण जीवन अब एक सुरक्षित और सम्मानजनक आशियाने में बदल चुका है। जब मंच से उन्हें उनके नए घर की चाबी प्रदान की गई, तो यह भावुक पल उनके सपनों के साकार होने का प्रतीक बन गया। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक इस बात की गवाही दे रही थी कि सुशासन तिहार जैसी पहल वास्तव में लोगों के जीवन में बदलाव ला रही हैं।

सुशासन तिहार के माध्यम से शासन का मुख्य उद्देश्य योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। विचारपुर में आयोजित यह शिविर उसी उद्देश्य की सफल परिणति साबित हुआ। इस पहल ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब प्रशासन संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता है, तो योजनाएं केवल कागजों में नहीं रहतीं, बल्कि लोगों के जीवन को संवारने का माध्यम बनती हैं। सुशासन तिहार केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनकल्याण का एक सशक्त माध्यम है, जो लोगों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और नई उम्मीद लेकर आ रहा है।



विचारपुर शिविर में केजा, शांति और सुलोचना बाई को मिला आशियाने का उपहार, भावुक हुए हितग्राही

## मांटेसरी हाईस्कूल बेलगांव व मोहारा का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

डोंगरगढ़/ बेलगांव (दावा)। मांटेसरी हाईस्कूल बेलगांव का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 5वीं में प्रथम स्थान प्रिंस वर्मा 87.50 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पाखी दास मानिकपुरी 86.50 प्रतिशत, तृतीय स्थान मानसी सिन्हा 85.60 प्रतिशत, कक्षा 6वीं प्रथम स्थान योगिता साहू 85.85 प्रतिशत, द्वितीय स्थान खेमेश लोधी 82.14 प्रतिशत, तृतीय स्थान लिशा साहू 81 प्रतिशत, कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान काजल वर्मा 90.42 प्रतिशत, द्वितीय स्थान मानवी वर्मा 89.71 प्रतिशत, तृतीय स्थान पलक वर्मा 89.42 प्रतिशत, कक्षा आठवी प्रथम स्थान पूर्वी वर्मा 89 प्रतिशत, द्वितीय स्थान योगिता कंवर 87.33 प्रतिशत, तृतीय स्थान प्रज्ञा ठाकुर 86.83 प्रतिशत, कक्षा नवमी में प्रथम स्थान ईशा सिन्हा 99 प्रतिशत, द्वितीय स्थान खुशी साहू 88.83 प्रतिशत, तृतीय स्थान लीना चंद्रवंशी 84.16 प्रतिशत प्राप्त किया।



इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ एवं डायरेक्टर बसंत वर्मा सर ने सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इसी प्रकार ग्राम मोहारा स्थित मांटेसरी प्ले स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। जिसमें कक्षा पांचवीं में पूर्वी सिन्हा 89.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। पूजा वर्मा 89 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा डाली निषाद 86.50 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही।

इस परिणाम को देखकर टोलागांव, प्रकाशपुर, चिचोला, उरईडबरी, मोहारा, मुड़िया, बिजनापुर, केसली, मदनपुर, ताकम, सारंगपुर, गोपालपुर आदि गांव के पालकों में खुशी की लहर है। संस्था के संचालक बसंत वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दिए साथ ही स्कूल के प्रधान पाठक एमडी खुटेरे ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा निरंतर मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षिका प्रीति भगत, आशा साहू, शांति साहू, नंदनी वर्मा, लिलेश्वरी वर्मा, पूजा वर्मा सहित पालकगण उपस्थित रहे।

## पुराने बैराज की विफलता छिपाने नया डेम, लमती परियोजना पर भड़का ग्रामीणों का आक्रोश

खैरागढ़ (दावा)। डुबान क्षेत्र में सरकार खुद काम करवा रही हैं। सबसे चौंकाने वाले बात यह है कि जिसे सरकार खुद डुबान क्षेत्र बता रही हैं। लमती नदी पर प्रस्तावित डेम परियोजना अब बड़े विवाद का रूप लेती जा रही है। खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले के ग्राम लछना, बोरला, महुआढार और कटेमा के सैकड़ों ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचकर सड़क पर उतर आए और कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी बात नहीं सुनी गई तो आंदोलन और तेज होगा इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस जमीन को डेम के डुबान क्षेत्र में बताया जा रहा है। उसी जगह पर सरकार खुद विकास कार्य करा रही है। पंचायत के जरिए सीसी रोड का निर्माण जारी है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 8 से 10 मकान बन रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लमती नदी उनके लिए सिर्फ जल स्रोत नहीं बल्कि जीवन की धुरी है। यही रास्ता खेती रोजगार और दैनिक आवागमन का आधार है। प्रस्तावित डेम बनने की स्थिति में लछनाटोला समेत कई बस्तियां पूरी तरह डुबान में आ जाएंगी। इसका सीधा असर हजारों लोगों की आजीविका, बच्चों की शिक्षा और सामाजिक ढांचे पर पड़ेगा। बडे डेम बनाए जाने से ग्रामवासियों की उक्त भूमि डुबान क्षेत्र में आ जाने के कारण अपनी पुस्तैनी एवं खानदानी भूमि से



अजीब विरोधाभास : जिसे प्रशासन ने बताया डुबान क्षेत्र, वहीं धड़ल्ले से बन रहे सरकारी आवास और सीसी रोड

वंचीत होना पड़ेगा। जिससे समस्त ग्रामवासियों को आर्थिक और मानसिक क्षति होगी तथा सभी को अपने जीवनभर कि कमाई से बनाएं गये मकान को छोड़कर अन्य जगहों पर जाने के लिए विवश होना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पहले बनाए गए प्रधानपाट बैराज पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन वह पिछले 10-12 वर्षों से जर्जर और बेकार पड़ा है। अब उसी विफलता को छिपाने के लिए नई लमती बैराज परियोजना लाई जा रही है। जिसमें फिर से ग्रामीणों को उजाड़ने की तैयारी है। ग्रामीणों के मुताबिक डेम निर्माण से बड़े पैमाने पर जंगल प्रभावित होंगे। जिससे वन्यजीवों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है और वन से होने वाली अरबो रूपए के राजस्व आय पर भी असर पड़ेगा। ग्रामीणों की प्रमुख मांग है कि डुबान क्षेत्र की जमीनों के स्पष्ट दस्तावेज, एनओसी, नक्शा-खसरा सार्वजनिक किए जाएं और बिना सहमति किसी भी निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए।

**सरपंच कमलेश वर्मा का दो टूक**

गांव में अजीब स्थिति बन गई है एक तरफ विकास कार्य चल रहे हैं। दूसरी तरफ उसी जमीन से उजड़ने का डर है। लोग न ठीक से घर बना पा रहे हैं न भविष्य की योजना बना पा रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि नए डेम की बजाय पुराने बैराज को ही दुरुस्त किया जाए पर्यावरणीय पहलू भी कम गंभीर नहीं हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम, मदन साहू, चंदू साहू, जिला संयोजक साधु सिंह धुर्वे, उमेश वर्मा, नंद कुमार, कमलेश वर्मा, बिरेश पटेल सहित अनीता, हेमबाई, सगनी, भुनेश्वरी, राजकुमारी, सरस्वती, धनेश्वरी, गिरजा, रूपा, दीप्ती मरकाम, सेवन्ती वर्मा, रेणुका वर्मा, आरुसी वर्मा, भगवती पटौती समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## आज पूर्व मंत्री कवासी लखमा का गंडई प्रवास, कांग्रेसियों में उत्साह



गंडई/खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कवासी लखमा आज 5 मई मंगलवार को एक दिवसीय प्रवास पर गंडई पहुंच रहे हैं। उनके इस दौरे को लेकर स्थानीय कांग्रेस राजनीति में सरगर्मी तेज हो गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वर्तमान विधायक कवासी लखमा दोपहर 12 बजे गंडई स्थित विश्राम गृह पहुंचेंगे। यहां वे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट करेंगे। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान वे स्थानीय संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर चर्चा कर सकते हैं। गंडई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व मंत्री के आगमन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी वरिष्ठ कांग्रेसियों, युवा विंग और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे दोपहर 12 बजे अधिक से अधिक संख्या में रेस्ट हाउस पहुंचकर वरिष्ठ नेता का स्वागत करें।

# पहला कॉलम...

## अमेरिका-ईरान तनाव के बीच सोना और चांदी गिरावट के साथ खुले

मुंबई । अमेरिका-ईरान तनाव के बीच सोने और चांदी में गिरावट का दौर जारी है और सोमवार को यह लाल निशान में खुले। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना का 5 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,51,532 रुपए के मुकाबले 382 रुपए या 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,51,150 रुपए पर खुला। सुबह 10 बजे सोना 252 रुपए या 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,51,100 रुपए पर था। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,50,860 रुपए का न्यूनतम स्तर और 1,51,347 रुपए का उच्चतम स्तर बनाया है।चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,50,937 रुपए के मुकाबले 238 रुपए या 0.094 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,50,699 रुपए पर खुला। फिलहाल चांदी 574 रुपए या 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,50,363 रुपए पर था। चांदी ने अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,49,760 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,51,231 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी में गिरावट जारी है। कॉमेक्स पर सोना 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,619 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.065 डॉलर प्रति औंस पर थी। अमेरिका-ईरान के बीच तनाव लगातार बना हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका प्रोजेक्ट फ्रीडम को शुरू करेगा, जिसके तहत हॉर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों को निकाला जाएगा। इसके लिए अमेरिका ने कई देशों से मदद भी मांगी है।ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि फंसे जहाज और उनके कर्मचारी निर्दोष हैं और वे केवल हालात के कारण कठिनाइयों में घिर गए हैं।उन्होंने आगे कि अमेरिका इन जहाजों को रास्ता दिखाएगा। साथ ही ईरान को चेतावनी दी कि अगर वह कोई खतरा पैदा करता है तो सख्त जवाब मिलेगा। ईरान ने भी सख्त तेवर बनाए हुए हैं। हालांकि, प्रोजेक्ट फ्रीडम के ऐलान के साथ वैश्विक बाजार के साथ-साथ भारतीय शेयर बाजार में तेजी देखी जा रही है।

## घरेलू शेयर बाजार चहका, सेंसेक्स 356 अंक उछलकर बंद, निफ्टी भी जोश में

नई दिल्ली। वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को पांच विधानसभा चुनावी नतीजों के रुझान का असर घरेलू शेयर बाजार पर देखने को मिला। कारोबारी सत्र के आखिर में बीएसई सेंसेक्स 355.90 अंक उछलकर 77,269.40 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई निफ्टी भी 121.75 अंक की गिरावट के साथ 24,119.30 के लेवल पर टिका। आज के कारोबार में सेक्टोरल मोर्चे पर, मेटल, रियल्टी, इंफ्रास्ट्रक्चर और फार्मा इंडेक्स में करीब 0.5-1त्न की बढ़त देखने को मिली, जबकि ढ्ढञ्, मीडिया और क्क्स् बैंक इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। हरिप्रसाद के, रिसर्च एनालिस्ट और लाइवलॉन्ग वेल्थ के फाउंडर के अनुसार, मुख्य राज्यों के चुनाव परिणामों के शुरुआती रुझानों ने घरेलू बाजार को सहारा दिया, जबकि अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति के संकेत जैसे भू-राजनीतिक तनाव में कमी से कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आई। इन कारकों के साथ-साथ अमेरिकी टेक इंडेक्स में रिकॉर्ड तेजी के नेतृत्व में वैश्विक बाजारों की मजबूती ने एक अनुकूल जोखिम माहौल तैयार किया।

निफ्टी में आज के टॉप जेनर्स में अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन, अडानी एंटरप्राइजेज, आयशर मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और जियो फाइनेंशियल शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर, गिरावट वाले नतीजे (लैग्स) में भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल रहे।

## भारतीय प्रवासी ड्राइवर ने 6 साल बाद जीते 64 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। जहां कई लोगों ने बिग टिकट अबू धाबी जैकपॉट जीतने की उम्मीद में सालों बिताए हैं, वहीं दुबई में रहने वाले एक भारतीय प्रवासी ने लेटेस्ट लाइव ड्रॉ में 25 मिलियन दिरहम (ऋह्य 64,59,53,000) का ग्रैंड प्राइज़ जीता है। अब्दुल रशीद अल्लिप्रा वलप्पिल अब्दु, एक 48 साल के ड्राइवर, ने 19 अप्रैल को खरीदे गए टिकट नंबर 012318 के साथ प्राइज़ जीता। केरल के रहने वाले, वह 17 साल से दुबई में रह रहे हैं, ड्राइवर का काम करते हैं, जबकि उनका परिवार भारत में रहता है। वह पिछले छह सालों से लगातार बिग टिकट एंट्री खरीद रहे हैं। जीत का पल उनके लिए सरप्राइज़ जैसा था जब वह दोस्तों के साथ समय बिता रहे थे। उन्होंने कहा, ÷मैं बहुत खुश हूं। यह जानना मेरे लिए एक खास पल था जब मैं अपने दोस्तों के साथ था।÷ अब्दु ने आगे कहा कि वह प्राइज़ मनी का इस्तेमाल कैसे करना है, यह तय करने से पहले अपने परिवार और दोस्तों से सलाह लेंगे। उनका इरादा ड्रॉ में हिस्सा लेते रहने का भी है।अबू धाबी में रहने वाले 41 साल के ड्राइवर अशरफ अब्दुल्ला, जो केरल के ही रहने वाले हैं, ने लगभग नौ साल हिस्सा लेने के बाद ड्रीम कार कैटेगरी में लैंड रोवर डिफेंडर जीती। वह 16 साल से ·श्व में रह रहे हैं, जबकि उनका परिवार भारत में रहता है। अब्दुल्ला ने कहा, ÷मैं बहुत खुश हूं, यह बिल्कुल अनएक्सपेक्टेड था,÷ और बताया कि एक दोस्त ने उन्हें ड्रीम कार टिकट खरीदने के लिए हिम्मत दी थी। पिछले तीन सालों से, वह 40 प्रतिभागियों के ग्रुप का हिस्सा रहे हैं, साथ ही दो और ग्रुप में भी शामिल रहे हैं।

# फिर होगा क्रिकेट के मैदान पर भारत बनाम पाकिस्तान



नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर मैदान पर आमना सामना होने जा रहा है। हालांकि अभी इसमें वक्त है, लेकिन क्रिकेट के मैदान पर जब ये मैच होता है तो फिर रोमांच अपने चरम पर होता है। इस बार ये मैच टी20 महिला विश्व कप के दौरान होगा। मुकाबले की तारीख और मैच शुरू होने का वक्त अभी से नोट कर लीजिए, ताकि कहीं मैच आपसे छूट ना जाए।

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 में होगा भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज 12 जून से होने जा रहा है। पहले दिन इंग्लैंड और श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीमें आमने सामने होंगी। इसके बाद लगातार मैच खेले जाएंगे। भारतीय महिला टीम की बात की जाए तो वो 14 जून को मैदान में पहली बार उतरेगी। उस दिन भारत और पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीमों के बीच मैच खेला जाएगा। इसी दिन पहले बांग्लादेश और नीदरलैंड्स की टीमें आपस में भिड़ेंगी, इसके बाद शाम सात बजे भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा। इस दिन रविवार है। इसलिए छुट्टी का भी दिन है।

पाकिस्तान से भिड़ने के बाद भारतीय महिला टीम का दूसरा मुकाबला 17 जून को नीदरलैंड्स से होगा। इसके बाद 21 जून को भारत का मुकाबला साउथ अफ्रीका की टीम से होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच मैच 25 जून से होगा। भारत का आखिरी लीग मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से 28 जून को होगा। भारतीय महिल टीम ने अब तक एक भी बार टी20 विश्व कप का खिताब नहीं जीता है, देखना होगा कि टीम इस बार कैसा प्रदर्शन करती है और क्या अगले राउंड में अपनी जगह बनाने में कामयाब हो पाती है।

आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। हरमनप्रीत कौर को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान हैं। टीम में कुछ युवा और नए खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि टीम पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन टी20 विश्व कप में करती हुई दिखाई देगी।

## थॉमस कप 2026 में फ्रांस का बड़ा उलटफेर, भारत को सेमीफानल में हराकर चौंकाया




होरसेंस (डेनमार्क)। थॉमस कप 2026 के सेमीफाइनल में, पूर्व विजेता भारत को फ्रांस ने 0-3 से हराकर टूर्नामेंट में एक बड़ा उलटफेर कर दिया. इसके साथ ही पुरुषों की टीम बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत का अभियान थम गया. जहां फ्रांस ने अपने पहले थॉमस कप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया, वहीं भारत को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ेगा.

क्वार्टरफाइनल में कोहनी में चोट लगने के कारण लक्ष्य सेन की गैरमौजूदगी में पहला सिंगल्स खेल रहे आयुष शेट्टी, विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से सिर्फ 39 मिनट में 11-21, 9-21 से हार गए, जिससे फ्रांस ने 1-0 की बढ़त बना ली. श्रीकांत किदांबी ने विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स लानियर के खिलाफ अच्छी टक्कर दी, लेकिन 41 मिनट में 16-21, 18-21 से हार गए. तीसरे सिंगल्स में, एच.एस. प्रणॉय ने विश्व के 17वें नंबर के खिलाड़ी टोमा जूनियर पोपोव के साथ कड़ा मुकाबला किया. लेकिन वो भी पहला गेम 19-21 से और दूसरा 16-21 से हार गए, जिससे फ्रांस ने एक यादगार जीत पक्की कर ली.

## आईसीसी का बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना जोटी पर बड़ा एक्शन

नई दिल्ली। क्रिकेट के मैदान पर भावनाओं पर काबू खोना कभी-कभी खिलाड़ियों को भारी पड़ जाता है, और ऐसा ही कुछ बांग्लादेश महिला टीम की कप्तान निगार सुल्ताना जोटी के साथ हुआ। ढ्ढष्ट ने आचार संहिता के उल्लंघन के चलते उन्हें आधिकारिक रूप से फटकार लगाई है। यह मामला 2 मई को बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच सिलहट में खेले गए तीसरे ञ्20ढ्ढ मुकाबले के दौरान सामने आया। ढ्ढष्ट के अनुसार, निगार सुल्ताना ने आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन किया, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या मैदान की वस्तुओं के दुरुपयोग से जुड़ा है।




बल्ला जमीन पर फेंकना पड़ा भारी

दरअसल, बांग्लादेश की पारी के दौरान आउट होने के बाद निगार सुल्ताना काफी निराश नजर आईं और उन्होंने गुस्से में अपना बल्ला जमीन पर फेंक दिया। इसी हरकत के चलते आईसीसी ने उन्हें आधिकारिक चेतावनी दी और उनके अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ दिया गया।

आईसीसी ने 4 मई को अपने बयान में कहा, निगार ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और मैच रेफरी सुप्रिया रानी दास द्वारा प्रस्तावित सजा को मान लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। यह पिछले 24 महीनों में उनका पहला अपराध है। आईसीसी के नियमों के अनुसार, डिमेरिट पॉइंट्स 24 महीने तक खिलाड़ी के रिकॉर्ड में बने रहते हैं। यदि इस अवधि में चार या उससे अधिक डिमेरिट पॉइंट्स हो जाते हैं, तो वे सस्पेंशन पॉइंट्स में बदल जाते हैं, जिसके चलते खिलाड़ी पर बैन भी लग सकता है। इस मामले में ऑन-फील्ड अंपायर एलोइस शेरिडन और शाथिरा जाकिर जेसी, तीसरे अंपायर रोकेया सुल्ताना और चौथे अंपायर चंपा चकमा ने आरोप लगाए थे। लेवल-1 के उल्लंघन पर न्यूनतम सजा फटकार होती है, जबकि अधिकतम सजा मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट पॉइंट्स हो सकती है।

## आरसीबी को लगा आईपीएल के बीच करारा झटका, स्टार खिलाड़ी अचानक लौटा अपने घर



नई दिल्ली। आरसीबी को बीच आईपीएल में उस वक्त करारा झटका लगा है, जब टीमें प्लेऑफ में जाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। टीम के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट अभी बाहर तो नहीं हुए हैं, लेकिन फिर भी वे अपने घर चले गए हैं।

आरसीबी यानी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को करारा झटका लगा है। अब आईपीएल के मुकाबले अहम होते जा रहे हैं। ना तो किसी टीम ने अब तक प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की की है और ना ही कोई टीम बाहर हुई है। अब एक एक मैच से अंक तालिका की तस्वीर बदलेगी। इस बीच आरसीबी के स्टार बल्लेबाज फिल साल्ट चोटिल होकर बाहर हो गए हैं। अब खबर है कि वे वापस अपने घर यानी यूके लौट गए हैं। वे पिछले तीन मैचों से बाहर चल रहे थे।

आरसीबी की टीम 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला खेल रही थी। इस दौरान छठे ओवर में बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते वक्त फिल साल्ट की अंगुली में चोट लग गई थी। पहले नहीं लग रहा था कि चोट इतनी गंभीर हो जाएगी। लेकिन बाद में पता चला कि चोट काफी ज्यादा है। इसके बाद फिल साल्ट ने बैक टू बैक तीन मैच आरसीबी के लिए मिस किए। इस बीच ईएसपीएलक्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट में पता चला है कि फिल साल्ट वापस इंग्लैंड चले गए हैं। फिल साल्ट की गैरहाजिरी में जैकब ?बैथल विराट कोहली के साथ पारी का आगाज कर रहे थे। अब लगता है कि आने वाले कुछ और मैचों में जैकब बैथल ही ओपनिंग करेंगे।

फिल साल्ट ने इस सीजन अपनी टीम के लिए छह मैच खेलकर 202 रन बनाए हैं। इसमें उनका स्ट्राइक रेट 168.33 का रहा। हालांकि अभी वे पूरे सीजन से बाहर नहीं हुए हैं। आसीबी की टीम अगर टूर्नामेंट में आगे जाती है और फिल साल्ट ठीक हो गए तो वे वापस आकर फिर से खेल सकते हैं। बात अगर जैकब ?बैथल की करें तो उन्होंने तीन मैच खेलकर 39 ही रन बनाए हैं, जो टीम के लिए टेंशन का विषय बना हुआ है।

## मैड्रिड ओपन 2026: जैनिक सिनर का कमाल, लगातार पांचवां मास्टर्स खिताब जीतकर रचा इतिहास



नईदिल्ली। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने मैड्रिड ओपन में पुरुषों का सिंगल्स खिताब अपने नाम कर लिया. उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-1, 6-2 से मात दी. इस जीत के साथ, सिनर इतिहास के पहले ऐसे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने लगातार पांच मास्टर्स खिताब जीते हैं. वह इस सीजन के पहले चार मास्टर्स इवेंट जीतने वाले भी पहले खिलाड़ी हैं.

मैड्रिड का यह खिताब सिनर का 9वां मास्टर्स 1000 खिताब है. यह उस शानदार दौर की पराकाष्ठा है, जिसकी शुरुआत पिछले साल अक्टूबर में शंघाई में उनके रिटायर होने के बाद हुई थी. तब से, 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे-कार्लो और अब मैड्रिड में खिताब जीते हैं. इस दौरान उन्होंने इन सभी टूर्नामेंट्स में मिलाकर सिर्फ कुछ ही सेट्स गंवाए हैं.

इस इतालवी स्टार ने अब मास्टर्स इवेंट्स में लगातार 28 मैच जीते हैं, साथ ही इस स्तर पर खेले गए अपने पिछले 58 सेटों में से 56 सेट भी जीते हैं. सिनर ने अपने पिछले 47 मैचों में से 45 मैच भी जीते हैं, जो उनकी जबरदस्त निरंतरता को दिखाता है.

सिनर ने नौ में से आठ मास्टर्स 1000 खिताब पहले ही जीत लिए हैं, और अब तक सिर्फ़ रोम में होने वाला इटैलियन ओपन ही उनकी पहुंच से बाहर रहा है. अब इस 24 वर्षीय खिलाड़ी के पास 2026 में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान अपनी घरेलू जमीन पर करियर गोल्डन मास्टर्स पूरा करने का मौका है. यह टूर्नामेंट अगले हफ्ते शुरू हो रहा है. उनका लक्ष्य नोवाक जोकोविच के साथ उस खास क्लब में शामिल होना है, जिसमें सिर्फ वही खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने करियर गोल्डन मास्टर्स का खिताब हासिल किया है.

## सुनील नरेन की डबल सेंचुरी! आईपीएल इतिहास में ऐसा करने वाले बने पहले विदेशी खिलाड़ी



नईदिल्ली। वेस्टइंडीज के मिस्ट्री स्पिनर सुनील नरेन को आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक माना जाता है. उन्होंने इस टूर्नामेंट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. वो आईपीएल में 200 विकेट पूरे करने वाले तीसरे जबकि पहले विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं. इसके अलावा किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए ये कारनामा करने वाले भी पहले खिलाड़ी बन गए हैं.

सुनील नरेन ने ये उपलब्धि आईपीएल 2026 के 45वें मैच सनराइजर्स हैदराबाद बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स में हासिल की. नरेन ने मैच में 4 ओवर गेंदबाजी की और 31 रन देकर 2 विकेट लिए.

अब नरेन के नाम 197 आईपीएल मैचों में 201 विकेट हैं. वह आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं. उनसे आगे युजवेंद्र चहल और भुवनेश्वर कुमार हैं. लेकिन एक विदेशी खिलाड़ी के तौर पर 200 विकेट लेने वाले वह पहले गेंदबाज हैं.

सबसे अहम बात यह है कि नरेन ने अपने सभी 201 विकेट कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए ही लिए हैं. वह 2012 से लगातार केकेआर का हिस्सा रहे हैं. आईपीएल के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि किसी खिलाड़ी ने एक ही टीम के लिए 200 विकेट पूरे किए हों.

वह पिछले 14 सालों से केकेआर के लिए मैचों में अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं और अब इस उपलब्धि ने उनके करियर को और भी यादगार बना दिया है. यह उपलब्धि न सिर्फ सुनील नरेन के लिए, बल्कि पूरी केकेआर फ्रेंचाइजी के लिए भी गर्व का पल है.

सुनील नरेन ने 2012 में आईपीएल में डेब्यू किया था. आईपीएल के इस महान स्पिनर ने अब तक 197 मैचों में 25.53 की औसत से 201 विकेट लिए हैं. गेंदबाजी के साथ-साथ, नरेन ने अपनी बल्लेबाजी से भी केकेआर को कई मैच जिताए हैं. बाएं हाथ से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए, नरेन ने 165.30 के स्ट्राइक रेट से 1820 रन बनाए हैं.

**विधानसभा चुनाव परिणाम 2026: बंगाल-असम....**

हिंसा और ईवीएम से छेड़छाड़ की खबरें आई थीं। इसके बाद दूसरे चरण में शामिल डाइमंड हार्बर और मगरहाट पश्चिम के 15 बूथों पर 2 मई को दोबारा मतदान कराया गया था। वहीं, फाल्टा सीट पर भी मतदान रद्द कर दिया गया है। इस सीट पर 21 मई को दोबारा वोट डाले जाएंगे। पश्चिम बंगाल में 77 केंद्रों पर मतगणना की जाएगी। राज्य में 780 से ज्यादा कंपनियों के केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। केवल कोलकाता में लगभग 60 कंपनियां तैनात हैं। असम में भी मतगणना केंद्रों पर 3 स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। हर थाने पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। तमिलनाडु में 18,000 पुलिसकर्मी और 40 से अधिक कंपनियां सशस्त्र अर्धसैनिक बलों की भी तैनात की गई हैं। बंगाल में बहुमत का आंकड़ा 148, असम में 64, तमिलनाडु में 118, केरल में 71 और पुडुचेरी में 16 है। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 93.19 प्रतिशत, जबकि दूसरे चरण में 91.66 प्रतिशत मतदान हुआ था। असम में इस बार 85.89 प्रतिशत, तमिलनाडु में 85 प्रतिशत, केरलम में 78.27 प्रतिशत और पुडुचेरी में 89.87 प्रतिशत मतदान हुआ है। असम में फिलहाल भाजपा, पुडुचेरी में एनडीए, केरलम में एलडीएफ, पश्चिम बंगाल में टीएमसी और तमिलनाडु में डीएमके की सरकार है।

**विधानसभा चुनाव में बंपर....**

आयोग को, चुनाव आयोग के सभी कर्मचारी भाई-बहनों को, मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी कर्मियों को और विशेष रूप से सुरक्षा बलों को भी अपनी हार्दिक बधाई देता हूं। भारत के लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखने में आप सभी के योगदान को इतिहास सदैव याद रखेगा। पीएम मोदी ने बीजेपी की जीत पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव हमेशा याद रखे जाएंगे। जनता की शक्ति की जीत हुई है और BJP की सुशासन की राजनीति सफल रही है। मैं पश्चिम बंगाल के हर एक व्यक्ति के सामने नतमस्तक हूं। प्रधानमंत्री ने आगे लिखा, जनता ने BJP को एक शानदार जनादेश दिया है और मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि हमारी पार्टी पश्चिम बंगाल की जनता के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। हम एक ऐसी सरकार देंगे जो समाज के सभी वर्गों को अवसर और सम्मान सुनिश्चित करेगी। पीएम मोदी ने एक्स पर आगे लिखा, पीढ़ियों से अनगिनत कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों और संघर्षों के बिना, पश्चिम बंगाल में भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत संभव नहीं हो पाती। मैं उनमें से हर एक को नमन करता हूं। पीएम ने आगे लिखा, साल-दर-साल, कार्यकर्ताओं ने विपरीत परिस्थितियों का सामना किया है, जमीन पर कड़ी मेहनत की है और हमारे विकास के एजेंडे के बारे में बात की है। वे ही हमारी पार्टी की असली ताकत हैं। पीएम मोदी ने लिखा, असम में BJP-NDA को फिर मिला आशीर्वाद! असम विधानसभा चुनावों में BJP-NDA की जीत, विकास और आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने पर हमारे गठबंधन के जोर के प्रति अटूट समर्थन को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने लिखा, इस विशाल जनादेश के लिए, मैं असम के अपने भाइयों और बहनों को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। मैं उन्हें भरोसा दिलाता हूं कि हम राज्य के कायाकल्प के लिए काम करना जारी रखेंगे।

**पश्चिम बंगाल परिणाम: ममता बनर्जी....**

आरोपों और हिंदू मतों के बड़े पैमाने पर एकीकरण

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

ने टीएमसी के पारंपरिक वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाई, जिससे पार्टी कई मजबूत गढ़ों में पिछड़ गई। इतना ही नहीं, पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और पुराने सहयोगियों का साथ छोड़ना टीएमसी के लिए भारी पड़ा। अभिषेक बनर्जी की ओर से दी गई आंतरिक चेतावनियों के बावजूद गुटबाजी और स्थानीय स्तर पर नेताओं के व्यवहार से जनता में नाराजगी बनी रही। वहीं, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच बदलती प्राथमिकताओं और मतदाताओं की नई आकांक्षाओं को पढ़ने में विफलता ने टीएमसी की सीटों के आंकड़े को काफी नीचे धकेल दिया।

**बिहार में आसमानी बिजली और आंधी....**

से जल्द यह राशि पीड़ितों तक पहुंचाई जाए। मौसम विभाग की आशंकाओं को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि खराब मौसम के दौरान लोग घरों से बाहर न निकलें। विशेष रूप से बिजली कड़कने के समय पेड़ों के नीचे या खुले मैदानों में खड़े होने से बचें। विभाग ने लोगों को समय-समय पर जारी होने वाले सरकारी अलर्ट पर ध्यान देने की सलाह दी है। राज्य में मौसम का खतरा अभी टला नहीं है, इसलिए सभी जिलाधिकारियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की टीमें स्थिति पर नजर रख रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ घंटों में कई इलाकों में फिर से तेज हवा और बारिश की संभावना है, जिसे देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**सहकारी बैंक घोटाले की ईडी....**

भेजा जाएगा। सहकारी बैंक के कुसमी और शंकरगढ़ ब्रांच के बैंक के खातों की साल 2012 से 2024 तक की ऑडिट में 28 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया था। घोटाले के मुख्य आरोपी शंकरगढ़ शाखा के प्रबंधक अशोक कुमार सोनी करीब 10 साल तक अलग-अलग शाखाओं में पदस्थ रहे। उन्होंने बैंक में फर्जी खाते खोले और समितियों के खातों के साथ-साथ इन फर्जी खातों से भी बड़ी रकम की हेराफेरी की। बैंक खातों से नकद पैसे निकाले गए और कई बार ऑनलाइन ट्रांसफर भी किया गया।

आदिम जाति सहकारी समिति जमड़ी का बैंक अकाउंट बिना किसी दस्तावेज खोला गया। इसमें 19 करोड़ 24 लाख रुपए जमा किए गए और इस खाते से 19 करोड़ 22 लाख 73 हजार रुपए का आहरण किया गया। यह राशि किसानों के खाते, पंचायतों के खातों से ट्रांसफर कर जमा की गई थी। जमुना अलंकार मंदिर अंबिकापुर के नाम पर आरटीजीएस के माध्यम से एक करोड़ 82 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए। यह राशि 52 ट्रांजैक्शन में भेजी गई, जिनमें से 44 का बैंक वाउचर नहीं मिला। शाखा कुसमी में नरेगा धनेशपुर का बोगस अकाउंट खोला गया और इसमें 3 करोड़ 19 लाख रुपए का ट्रांजैक्शन किया गया। सीईओ जनपद पंचायत शंकरगढ़ का बोगस अकाउंट खोला गया। इसमें 91 लाख 57 हजार रुपए की राशि जमा कर इसे निकाल लिया गया। जनपद सीईओ ने प्रतिवेदन में बताया कि यह खाता जनपद पंचायत का नहीं है। इसमें किसानों के खातों से राशि जमा की गई। जांच में पता चला है कि, अशोक कुमार सोनी के खाते में 1 करोड़ 36 लाख रुपए, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रकाश कुमार सिंह के खाते में 4 लाख 64 हजार रुपए, महामाया कंस्ट्रक्शन कंपनी के खाते में 30 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे। मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। घोटाले में शामिल ब्रांच मैनेजर सहित 4 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। तीन कर्मचारी घोटाला महामाया कंस्ट्रक्शन कंपनी के खाते में 30 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे। ईडी के घोटाले की जांच में शिामल होने के बाद घोटाले से जुड़े अन्य तथ्य भी सामने आएंगे। बताया गया है कि यह जांच सिर्फ दो घोटालों तक सीमित नहीं है, बल्कि बड़े स्तर पर बैंक में गड़बड़ी की जांच होगी।

**पीडब्ल्यूडी अफसर पर भड़के सीएम.....**

नहीं तो ठीक नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने जिला खनिज निधि के दुरुपयोग पर भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि डीएमएफ की 70 फीसदी राशि खदान के पास के गांवों पर खर्च होनी चाहिए। मुख्यालय के नाम पर इसे खर्च करना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बलरामपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में खनिज संसाधनों के बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए। सीएम ने आम नागरिकों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि पूरे राज्य के राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जाएगा। सभी भूमि खंडों के खसरा-नक्शे डिजिटल प्रामाणिक हस्ताक्षर सहित सीधे लोगों को वितरित किए जाएंगे। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्प लाइन सेवा जल्द शुरू होगी, जिसमें टोल फ्री नंबर पर समस्या दर्ज कराई जा सकेगी। उन्होंने कलेक्टर्स को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व मामले समय-सीमा में निपटाएं, आम जनता को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी नागरिक पेयजल के लिए न भटके। जहां साधन नहीं हैं वहां टैंकर से पानी पहुंचाया जाए। गर्मी और बारिश के बीच मौसमी बीमारियों से निपटने की अग्रिम तैयारी करने को कहा। साथ ही सुनिश्चित किया जाए कि धानए बीज और खाद की कमी को लेकर किसानों से कोई शिकायत न आए।

# एफडीएलपी की 120 किमी लंबी रैली से हिला प्रशासन, भ्रष्ट अधिकारियों को दी तालाबंदी की चेतावनी

**राजनांदगांव (दावा)। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस और बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर फॉरवर्ड डेमक्रेटिक लेबर पार्टी (एफडीएलपी) ने छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बड़ा धमाका किया है। अपनी मांगों को लेकर पार्टी ने 120 किलोमीटर लंबी विशाल रैली निकालकर न केवल अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया, बल्कि शासन-प्रशासन को भी सीधे तौर पर चुनौती दी है।**



बुद्ध पूर्णिमा और श्रमिक दिवस पर दिखा पार्टी का तेवर, हाईकोर्ट के दर्जनों अधिवक्ता भी आंदोलन में शामिल

इस जनांदोलन ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। रैली को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओं ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि यदि अधिकारी और कर्मचारी अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करते हैं, तो जनता मूकदर्शक नहीं बनी रहेगी। देश के मालिक हम भारत के लोग के नारे के साथ पार्टी ने स्पष्ट ऐलान किया कि कर्तव्यहीनता बरतने वाले शासकीय कार्यालयों में अब स्वयं जनता द्वारा ताले जड़े जाएंगे।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ आर-पार की जंग

एफडीएलपी ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध बिगुल फूंकते हुए मांग की है कि भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन तत्काल रोका जाए। दोषी अधिकारियों की चल-अचल संपत्ति की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। इस जनांदोलन को क्रांतिकारी नेता दादा जनक लाल कामरेड और नेल्सन मंडेला अवार्ड से सम्मानित दादा शेर सिंह आँचला का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने अपने प्रखर संबोधन से कार्यकर्ताओं में जोश भरा। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र साहू ने भविष्य की रणनीति साझा करते हुए कहा कि प्रशासन को अब अपनी मर्यादा में रहना होगा। रैली की सबसे खास बात यह रही कि इसमें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के दर्जनों अधिवक्ताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अधिवक्ताओं की भागीदारी ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि एफडीएलपी अब इस लड़ाई को सड़क से लेकर अदालत तक मजबूती से लड़ेगी। 120 किलोमीटर की इस पदयात्रा ने यह साफ कर दिया है कि आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ की राजनीति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के लिए एफडीएलपी एक बड़ी चुनौती बनकर उभरेगी।

# कलेक्टर ने आधी रात को जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

### इमरजेंसी, वार्ड एवं ओपीडी की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बीती रात जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। देर रात पहुंचे कलेक्टर ने अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, मरीजों को मिल रही सुविधाओं एवं ड्यूटी पर तैनात स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। कलेक्टर ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, वार्डों एवं दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को समय पर उपचार एवं आवश्यक दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और अस्पताल में व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखें। कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल में आम जनता को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

# सुशासन तिहार में समस्याओं के निराकरण हेतु प्रशासन की तैयारी पूर्ण

मोहला (दावा)। जन शिकायतों के त्वरित, समयबद्ध एवं प्रभावी करने के उद्देश्य से जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के कुल 185 ग्राम पंचायत एवं एक नगर पंचायत सहित कुल 17 क्लस्टर लेवल पर जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से आमजन को सुगम, पारदर्शी, एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध की जाएगी।

**जिले में होंगे 17 शिविर, ग्रामीण क्षेत्र में 14 और शहरी क्षेत्र में 3 शिविर किए जाएंगे आयोजित**

### प्रशासनिक क्लस्टर तैयार

ग्राम पंचायत स्तर पर विचारपुर, साल्हेभट्टी, मार्री, हंडीटोला, कोराचा, हेरकुटुंब, देववाडवी, कहगांव, आमाडुला, भंसुला, खरदी, कुम्हली, पीपरखर, रानाटोला, नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में मंगल भवन, टाउन हॉल और कृषि मंडी में शिविर का होगा आयोजन। सौर विद्युत, गरीबी उन्मूलन, धरती आबा, जल संचयन, आरोग्य सेवा, सहकार से समृद्धि, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, सेवाओं का डिजिटलीकरण, स्वच्छता जैसे विषयों पर आधारित होंगे शिविर। विचारपुर क्लस्टर में चिल्हाटी, कोरचाटोला, मिर्चे, मुडपार, टाटेकसा, खुर्सिटीकुल, ओटेबंधा, पेंडलकुही, कुसुमकसा, झीटिया, खड़खड़ी, तिरपेमेटा, हालमकोड़ो के लिए विचारपुर ग्राम पंचायत में होगा शिविर। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर ने ली समीक्षा बैठक लेकर सभी अधिकारियों को उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर की तिथि की जानकारी नोटिस एवं मुनादी के माध्यम से दी जा रही है।इसके साथ ही सूचना वाहन के माध्यम से निरंतर सूचना दी जा रही हैं। कलेक्टर द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर नागरिकों को शिविर में शामिल होने की अपील की हैं।

# श्रमिक समाज की रीढ़, उनका परिश्रम ही संस्थान की प्रगति का आधार : डॉ. मनीष जैन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रतिष्ठित कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में 1 मई को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कॉलेज प्रशासन ने संस्थान की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मठ श्रमिकों का अभिनंदन किया और उन्हें दैनिक उपयोगी सामग्री भेंट की।



कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर हुआ सम्मान समारोह, दैनिक उपयोगी सामग्री भेंट कर जताया आभार

समारोह में कॉलेज की स्वच्छता और व्यवस्था को सुचारू बनाने वाले श्रमिक जनक, राजू, नोहर, सुनीता साहू, यशवंत देशमुख, लक्ष्मण एवं रमेश को मंच पर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रमिकों ने भावुक होते हुए अपने अनुभव साझा किए और कहा कि कॉलेज में उन्हें परिवार जैसा माहौल मिलता है, जिससे उनका कार्य के प्रति उत्साह दोगुना हो जाता है।

### संस्थान की प्रगति के सारथी हैं श्रमिक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के निदेशक डॉ. मनीष जैन ने कहा कि श्रमिक समाज की असली रीढ़ हैं। उनके निःस्वार्थ परिश्रम और समर्पण के बिना कोई भी संस्थान प्रगति नहीं कर सकता। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि कॉलेज परिवार इन श्रमिकों के योगदान के बिना अधूरा है और यह सम्मान उनके प्रति हमारी कृतज्ञता का एक छोटा सा प्रतीक है। वहीं कार्यक्रम अधिकारी विजय मनिकपुरी ने श्रमिकों के जीवन को अनुशासन और कठोर परिश्रम का जीवंत उदाहरण बताया। समारोह का सफल संचालन बी.एड. के छात्र चंदन एवं शांति पटेल द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे और बताया कि एक सभ्य समाज के निर्माण में श्रमिकों का योगदान अमूल्य है। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के समस्त स्टाफ और छात्रों ने तालियों के साथ श्रमवीरों का अभिवादन किया।

# शतरंज के धुरंधरों का जमावड़ा : आज खैरागढ़ में सजेगी दुर्ग संभागीय शतरंज प्रतियोगिता

खैरागढ़ (दावा)। संभागीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन आगामी मंगलवार 5 मई को दुर्ग संभागीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता सरस्वती उच्चतर माध्यमिक शिशु मंदिर, मेन रोड, खैरागढ़ में आयोजित होगी।

इस प्रतियोगिता का आयोजन के.सी.जी. जिला शतरंज संघ द्वारा जी.एच. रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले जिले दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, चौकी, कवर्धा एवं खैरागढ़-छुईखदान, गंडई के सभी आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में कुल 30,000 (तीस हजार रुपये) की नगद पुरस्कार राशि रखी गई है। इसके अलावा प्रतिभागियों को विभिन्न श्रेणियों में मोमेंटो, ट्रॉफी एवं मेडल भी प्रदान किए जाएंगे। मुख्य 20 पुरस्कारों के अतिरिक्त अलग-अलग आयु वर्ग, श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी, श्रेष्ठ के.सी.जी. जिला खिलाड़ी, श्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी एवं श्रेष्ठ वरिष्ठ खिलाड़ी के लिए भी विशेष पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं।



छठी और सातवीं के छात्रों ने दी वरिष्ठों को भावभीनी विदाई, नवाचारी शिक्षक के गीत से गमगीन हुआ माहौल

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रवेश शुल्क 500 निर्धारित किया गया है, के.सी.जी. जिले के स्कूली विद्यार्थियों के लिए रियायती शुल्क 350 रखा गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को गूगल फॉर्म भरना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी निम्नलिखित पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। सद्दाम हुसैन अध्यक्ष जिला शतरंज संघ (7879903993), यतेंद्र जीत सिंह उपाध्याय जिला शतरंज संघ (6264569376), रॉकी देवांगन सचिव जिला शतरंज संघ (8319351117), शेख जहीद कोषाध्यक्ष जिला शतरंज संघ (7389149867) आदि है। आयोजकों ने अधिक से अधिक खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में भाग लेकर इसे सफल बनाने एवं खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले को शतरंज के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की है।

# विधायक भोलाराम साहू ने गैंदाटोला पहुंचकर जताई शोक संवेदना



छुरिया/गैंदाटोला (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू ने शनिवार 2 मई को गैंदाटोला पहुंचकर वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता कपिल नाथ योगी की पत्नी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

विधायक साहू शोक संतप्त परिवार के निवास पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक भोलाराम साहू ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने इस दुखद घड़ी में परिवार को हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र का पूरा कांग्रेस परिवार और नागरिक इस संकट के समय में उनके साथ खड़े हैं। शोक संवेदना व्यक्त करने के दौरान विधायक के साथ क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से डॉ. प्रकाश शर्मा (पूर्व विधायक प्रतिनिधि), राजू सिन्हा (जिला महामंत्री कांग्रेस), खलील कुरैशी (वरिष्ठ समाजसेवी), राजिल कुरैशी (मंडल अध्यक्ष गैंदाटोला), भीखम देवांगन (उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस), राजू सिंह राजपूत (सचिव ब्लॉक कांग्रेस), अफजल कुरैशी (पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस), नरेंद्र मानिकपुरी (बूथ अध्यक्ष), मोहन साहू (बीएलए), अरुण सेन और गोविंद नाथ योगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# सुशासन के दावों के बीच घिरी डोंगरगढ़ की जनता, अपनों ने ही उठाए नेतृत्व पर सवाल

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन दावों के बीच डोंगरगढ़ क्षेत्र में उपजी जन-समस्याओं को लेकर अब अपनों ने ही मोर्चा खोल दिया है। भाजपा नेता महेंद्र कुमार अग्रवाल ने स्थानीय नेतृत्व और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कड़े सवालिया निशान लगाते हुए पूछा है कि जनता को इन अव्यवस्थाओं से कब निजात मिलेगी। उन्होंने सीधे तौर पर स्थानीय संगठन की चुप्पी पर भी प्रहार किया है।



रजिस्ट्री पर रोक, लीज समाप्ति और राशन कार्डों की बंदी पर बरसे भाजपा नेता महेंद्र अग्रवाल

### 8-10 माह से रजिस्ट्री पर रोक, प्रशासन कुंभकर्णी नींद में

महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि बाईपास और परिक्रमा पथ निर्माण के नाम पर क्षेत्र के लगभग 20-22 गांवों की जमीनों की रजिस्ट्री पर संबंधित विभाग ने रोक लगा दी है। इस रोक को लगे 8 से 10 महीने बीत चुके हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर किसी को इसकी चिंता नहीं है। उन्होंने प्रशासन पर तंज कसते हुए कहा कि जिला प्रशासन कुंभकर्णी नींद में है, जिसे केवल खास चढ़ावे और दबाव के बाद ही पल भर के लिए जगाया जाता है, तभी किसी की रजिस्ट्री हो पाती है। उन्होंने सवाल किया कि क्या इसी व्यवस्था को सुशासन कहा जाता है?

### नजूल लीज खत्म : न घर बिकेगा, न खरीदा जा सकेगा

अग्रवाल ने एक और गंभीर मुद्दे को उठाते हुए कहा कि सिर मुड़ाते ही ओले पड़े वाली स्थिति हो गई है। 31 मार्च 2026 को पूरे डोंगरगढ़ शहर की नजूल जमीनों और मकानों की लीज समाप्त हो गई है। बिना लीज रिन्यूअल (नवीनीकरण) के अब कोई भी अपना मकान न बेच सकता है और न ही नया खरीद सकता है। इस संकट पर भी स्थानीय और जिला प्रशासन मौन साधे हुए है।

### योजनाओं के नाम पर जनता को गुमराह करने का आरोप

भाजपा नेता ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की हकीकत पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि केवाईसी के नाम पर कई गरीबों के राशन कार्ड बंद कर दिए गए हैं। केवाईसी का बहाना बनाकर कई माता-बहनों को योजना के लाभ से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि क्या हर साल केवाईसी बदल जाती है?

### शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रहार

महेंद्र अग्रवाल ने आरोप लगाया कि नियम-कायदों का जाल बुनकर आम जनता को शासकीय योजनाओं से दूर करना शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली बन चुकी है। उन्होंने स्थानीय नेतृत्व को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब जनता परेशान है, तब जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं। उन्होंने संगठन से मांग की है कि वह तत्काल हस्तक्षेप कर जनता की सुध ले।

# आईसीटी योजना अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ



राजनांदगांव (दावा)। आईसीटी योजना अंतर्गत सत्र 2026-27 के शिक्षक प्रशिक्षण डोंगरगांव ब्लॉक में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहड़ में आज दिनांक 4 मई से प्रारंभ हुआ।

यह प्रशिक्षण अध्ययन अध्यापन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लाने हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अनुसार शिक्षा में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु किया जा रहा हैं। यह प्रशिक्षण 4 मई से 19 मई तक प्रति दिवस आयोजित होने वाला है, जिसमें प्रत्येक विद्यालय से प्रतिदिन एक या दो शिक्षक समय सारणी अनुसार प्रशिक्षण में उपस्थित होकर लैपटॉप, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर आदि के व्यवस्थित उपयोग के लिए शिक्षक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# खरसिया में गूंजा राजनांदगांव का नाम : पत्रकार कल्याण महासंघ के स्थापना दिवस पर शहर के वरिष्ठ पत्रकार सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। रायगढ़ जिले के खरसिया स्थित स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में आयोजित पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में राजनांदगांव के पत्रकारों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस भव्य और गरिमामय कार्यक्रम में शहर के चार वरिष्ठ पत्रकारों सहित समाजसेवी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया गया।

समारोह में राजनांदगांव से विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े अनुभवी चेहरों को मंच पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से सुश्री कामनी साहू स्टेट हेड नक्षत्र चैनल, सुरेन्द्र गुप्ता ब्यूरो चीफ दैनिक दैयनंदिनी, शुभम उपाध्याय वरिष्ठ फोटोग्राफर, दिनेश नामदेव वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रदेश संगठन सचिव, शेख मुस्ताक (कासिम भाई) वरिष्ठ पत्रकार, श्रीमती कांति मौर्य महिला समाजसेवी आदि है।

0 पत्रकार सुरक्षा और संवर्धन पर जोर

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सेवकदास दीवान ने संगठन के पिछले 4 वर्षों के सफर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महासंघ छत्तीसगढ़ में पत्रकारों की सुरक्षा, हितों की रक्षा और उनके संवर्धन के लिए निरंतर समर्पित है। स्थापना दिवस के इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महेश साहू (छाया विधायक, खरसिया) उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका खरसिया के अध्यक्ष कमल गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार मधुकर द्विवेदी, पुरातत्वविद डॉ. रामविजय शर्मा सहित संगठन के पदाधिकारी सादिक रजा (उपाध्यक्ष) और आर.बी. वर्मा (कोषाध्यक्ष) मंच पर आसीन रहे। इस गौरवशाली आयोजन में केवल राजनांदगांव ही नहीं, बल्कि महासमुंद, सारंगढ़-बिलाईगढ़, दुर्ग और बस्तर संभाग सहित पूरे प्रदेश से पत्रकार और संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन महासमुंद जिला महासचिव अभय घृतलहरे ने किया। उक्त गौरवमयी उपलब्धि की जानकारी प्रदेश संगठन सचिव दिनेश नामदेव द्वारा दी गई है।

# पक्षियों एवं अन्य जीवों के लिए लगाए गए सकोरे - थंगेश्वर साहू




राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में पक्षियों एवं अन्य जीव जंतुओं के लिए सकोरे लगाए गए। इसके मुख्य प्रभारी यूथ एवं इको क्लब प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता ने बताया कि गर्मी में बढ़ते तापमान से निजात दिलाने का सबसे सरल साधन पानी है। यह जितना इंसान को जरूरी है, उतना ही पशु पक्षियों के लिए भी है। इंसान तो आसानी से इसकी व्यवस्था कर लेता है लेकिन पशु पक्षियों को काफी दिक्कत होती है, इसलिए पक्षियों एवं अन्य जंतुओं की प्यास बुझाने के लिए, भोजन के लिए दाना पानी की व्यवस्था, सकोरे लगाकर किया गया हैं, क्योंकि पशु पक्षी हमारे मित्र हैं। असीम यदु ने बताया कि घर के बाहर, छत पर या बालकनी में मिट्टी के बर्तन में पानी रख सकते हैं। पानी के साथ थोड़ी मात्रा में गुड़ भी मिला सकते हैं। इससे पक्षियों को गर्मी से राहत मिलती है।

# 47 पीवीटीजी बैगा बसाहट परिवारों के शत-प्रतिशत सर्वे पर जोर



खैरागढ़ (दावा)। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के 47 पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) बैगा बसाहट परिवारों का हाउस होल्ड सर्वेक्षण कार्य जारी है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त स्वर्णिम शुक्ला द्वारा सुदूर वनांचल क्षेत्रों के ग्राम हाथीझोलाकला, समुंदपानी, गातापार, निजामडीह, समनापुर एवं सरईपतेरा में संचालित पीवीटीजी हाउसहोल्ड सर्वे का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वेकर्ताओं को आ रही समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया तथा उच्च स्तर की समस्याओं से राज्य शासन को अवगत कराया गया।

**ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण दल की समस्याओं का मौके पर समाधान**

ग्राम हाथीझोलाकला में केंद्रीय क्षेत्रीय योजना अंतर्गत निर्मित बैगा आवास का निरीक्षण कर हितग्राही टीकाराम से आवास की प्रगति की जानकारी ली गई। वहीं ग्राम समुंदपानी में प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ग्राम सरईपतेरा में पीएम जनमन योजना अंतर्गत संचालित एमएमयू (मोबाइल मेडिकल यूनिट) की टीम से एनीमिया जांच, खून जांच, सिकल सेल जांच एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी पीवीटीजी बसाहटों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के निर्देश दिए गए। साथ ही मितानिनों को ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान आदिवासी विभाग के क्षेत्र संयोजक बोधन जोशी भी उपस्थित रहे।

# मोतीपुर में सीएम साय की जनचौपाल : राजनांदगांव को बाईपास समेत करोड़ों की सौगात







**राजनांदगांव (दावा)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव के मोतीपुर स्कूल में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना के तहत 27वीं किस्त के रूप में 68 लाख 52 हजार 382 महिलाओं को 642 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिविर के दौरान राजनांदगांव और आसपास के क्षेत्रों के लिए कई महत्वपूर्ण अधोसंरचना एवं सुविधाओं की घोषणा की। इसमें प्रमुख रूप से राजनांदगांव-खैरागढ़ राजमार्ग (गठुला होते हुए) के लिए 200 करोड़ रूपए की लागत से नवीन बाईपास का निर्माण। इसके साथ ही टेड़ेसरा-घुमका-बाकल मार्ग (35 किमी) के चौड़ीकरण हेतु 75 करोड़ रूपए और धनगांव-इंदामरा-बांकल मार्ग हेतु 30 करोड़ रुपए, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 8 में विकास कार्यो के लिए प्रत्येक वार्ड को 25-25 लाख रूपए, डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी मंदिर के पास 15 कमरों का सर्किट हाऊस और जनपद पंचायत राजनांदगांव के नए भवन हेतु 1 करोड़ रूपए, हॉकी प्रशिक्षण के लिए नए खेल मैदान की घोषणा और जिले की महिला स्व-सहायता समूहों को पुनः रेडी टू ईट निर्माण की जिम्मेदारी की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला तीर्थयात्रा योजना के तहत 42 हजार से अधिक रामभक्तों को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना भी प्रारंभ की जा रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की कि 1 मई से शुरू हुआ प्रदेशव्यापी समाधान शिविर 10 जून अर्थात 40 दिन तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव जिला प्रशासन को अप्रैल माह में 1200 से अधिक प्रकरणों के

**महतारी वंदन की 27वीं किश्त जारी, महिलाओं के खाते में पहुंचे 642 करोड़, 40 दिनों तक चलेगा समाधान का महाअभियान**

त्वरित निराकरण के लिए बधाई दी और अन्य जिलों को भी इसी गति से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को सख्त निर्देश दिए हैं कि आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य है। निराकरण में देरी करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाएं न केवल परिवार संभाल रही हैं, बल्कि स्वरोजगार से भी जुड़ रही हैं। पीएम जनमन और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उन्होंने जमीनी हकीकत जानी। ई-डिस्ट्रिक्ट प्रणाली के माध्यम से अब 400 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। जिससे लोगों का काम घर बैठे होगा। इसी तरह मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के तहत जल्द ही एक टोल-फ्री नंबर जारी किया जाएगा। जहां प्राप्त शिकायतों का निश्चित समय-सीमा में समाधान अनिवार्य होगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आज महतारी वंदन योजना के तहत 640 करोड़ रूपए की राशि महिलाओं के खाते में अंतरित की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुशासन तिहार में छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में पहाड़, नदी, गांव, खेत-खलिहान, स्कूल सहित विभिन्न स्थानों में भ्रमण कर रहे है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋृतु में स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गोंदली (प्याज) रखे है या नहीं। नहीं होने पर आप सभी दे दीजिए। ऐसे 45 डिग्री तापमान में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में वे भ्रमण कर रहे है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में विकास के बहुत से विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिले में व्यापक धान खरीदी की गई है। उन्होंने कहा कि लगभग 345 करोड़ रूपए की लागत से ग्राम पटेवा में इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर एवं 25 करोड़ रूपए की लागत से ग्राम बिजेतला में स्पेस मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर की स्थापना की जा रही है। इस अवसर सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नीलू शर्मा, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, सचिन बघेल, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, प्रदीप गांधी, दिनेश गांधी, प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रजत बंसल, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

## बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की बंपर जीत : राजनांदगांव में सीएम और डॉ. रमन ने मनाया जश्न




**राजनांदगांव (दावा)।** देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा द्वारा किए गए जोरदार प्रदर्शन और तीन राज्यों में जीत के लहराए गए परचम पर भाजपाइयों ने सोमवार की शाम भाजपा कार्यालय में जमकर जश्न मनाया। मिठाइयां बांटी गई और भाजपाईयों द्वारा बंगाल का सुप्रसिद्ध झालमुड़ी का लुत्फ उठाया गया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सांसद संतोष पाण्डे, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, पूर्व विधायक रामजी भारती आदि की उपस्थिति में असम, पांडीचेरी और ममता बेनर्जी की गढ़ पश्चिम बंगाल में भारी बहुमतो से जीत की खुशी में जमकर फटाके फोड़े गए और वरिष्ठ नेताओं पर पुष्प वर्षा कर झूमकर जश्न मनाया गया। इस दौरान स्थानीय भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में जमकर खुशियां बिखरी रही और एक दूसरे को तीन राज्यों में हुए बंपर जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

**भाजपा कार्यालय में फूटे पटाखे, पीएम मोदी का संबोधन सुनने उमड़ा जनसैलाब, कार्यकर्ताओं ने चखा झालमुड़ी का स्वाद**

### बड़े स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने उमड़ी भीड़

बता दें कि जीई रोड स्थित भाजपा कार्यालय में तीन राज्यों में हुई भाजपा की बंपर जीत के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनने खासकर सीएम विष्णु देव साय, पूर्व सीएम व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद, महापौर आदि के साथ विशेष तौर पर उपस्थित थे। वहीं भाजपा कार्यालय का बड़ा हाल भाजपाईयों से खचाखच भरा हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के तीन राज्यों में भाजपा को मिली बंपर जीत की खुशियां देश वासियों व तमाम भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं को बांटते हुए कहा कि पश्चिमी बंगाल में बरसों की साधना सिद्धि में बदल गई। पांच प्रदेश की जनता ने पूरे विश्व को दिखाया है कि हमारा भारत मदर आफ लोकतंत्र में। यह जीत भारत के लोकतंत्र और भारत के संविधान की जीत है। मोदी जी ने कहा कि पिछले साल 14 नवंबर को जब बिहार के नतीजे आए थे। तब उन्होंने कहा था कि गंगा जी बिहार से बहकर गंगा सागर तक जाती है। गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। गंगा के इर्द-गिर्द बसे इन राज्यों में बीजेपी और एनडीए की ही सरकार है। साथ ही उन्होंने बताया कि 2013 में जब वह काशी से अपना नामांकन भरने गया था। तब उन्होंने कहा था कि वे यहां आया नहीं बल्कि मां गंगा ने बुलाया है। असम, पांडीचेरी व पश्चिम बंगाल के चुनाव पर उन्होंने कहा कि मतदान के नए रिकॉर्ड बने हैं। महिलाएं की भागीदारी अधिक रही। उन्होंने इसे भारतीय लोक तंत्र की उजली तस्वीर बताया और चुनाव आयोग की भरपूर प्रशंसा करते हुए बगैर किसी हिंसा और मौत की घटना के चुनाव करवाने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की योगदान की सराहना की और कहा कि इतिहास हमेशा याद रखेगा।

## पश्चिम बंगाल ने डॉ. मुखर्जी को दी सच्ची श्रद्धांजलि, अब दिखेगा डबल इंजन का दम : मधुसूदन यादव



**राजनांदगांव (दावा)।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन पर राजनांदगांव महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए इस जीत को ऐतिहासिक और राष्ट्रवाद की विजय बताया है। महापौर मधुसूदन यादव ने इस सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कुशल रणनीति और जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे संघ व भाजपा के अज्ञात कार्यकर्ताओं के बलिदान को दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर को लेकर एक विधान, एक निशान, एक प्रधान का जो सपना देखा था। बंगाल की जनता ने भाजपा को चुनकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

**महापौर ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत पर जताया हर्ष, कहा- तुष्टीकरण पर राष्ट्रवाद की जीत**

### ममता सरकार के अभेद्य किले में सेंध

पूर्व सांसद यादव ने कहा कि 2011 से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के किले को भेदकर भाजपा ने साबित कर दिया है कि जनता का विश्वास अब सुशासन और राष्ट्रप्रेम में है। उन्होंने कहा कि इस जीत ने न केवल ममता बनर्जी की राष्ट्रीय विस्तार की योजनाओं को झटका दिया है, बल्कि इंडी गठबंधन के दावों को भी चकनाचूर कर दिया है। महापौर ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ममता सरकार में बंगाल के संसाधनों का दोहन घुसपैठियों द्वारा किया जा रहा था, लेकिन अब भाजपा की सरकार प्रदेश के मूल निवासियों के कल्याण के लिए कार्य करेगी। उन्होंने दावा किया कि अब बंगाल की जनता को आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा। मधुसूदन यादव ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल अब डबल इंजन की सरकार के साथ विकास और समृद्धि की नई गाथा लिखेगा। उन्होंने बंगाल के उज्ज्वल भविष्य के लिए वहां के नागरिकों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।




## खूनी रंजिश : पत्नी के दूसरे के साथ रहने से नाराज पति ने टंगिया मारकर की हत्या, 12 घंटे में गिरफ्तार



**राजनांदगांव (दावा)।** थाना लालबाग क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कविराज टोलागांव में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। एक पति ने अपनी पत्नी द्वारा उसे छोड़कर दूसरे के साथ रहने से उपजी रंजिश के चलते कुल्हाड़ी (टंगिया) से वार कर उसकी नृशंस हत्या कर दी। लालबाग पुलिस ने मामले में मुस्तैदी दिखाते हुए महज 12 घंटे के भीतर आरोपी को धर दबोचा और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 4 मई की सुबह की है। आरोपी रंजीत पारधी (38 वर्ष) को अपनी पत्नी पूर्णिमा पारधी के चचेरे भाई के साथ रहने पर गहरा आक्रोश था। सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे जब पूर्णिमा गांव के शासकीय शौचालय के पास जा रही थी। तभी आरोपी रंजीत अपनी टीवीएस मोपेड से वहां पहुंचा और पास रखी टंगिया से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में पूर्णिमा की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी रमेश पटेल ने टीम के साथ मौके पर दबिश दी। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी रंजीत पारधी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी ने बताया कि उसकी शादी 12-13 साल पहले हुई थी और उनके तीन बच्चे भी हैं, लेकिन पिछले एक साल से उसकी पत्नी उसे छोड़कर उसके चचेरे भाई सूरज पारधी के साथ रह रही थी। जिससे वह आहत था। पुलिस ने आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर हत्या में प्रयुक्त टंगिया, घटना में इस्तेमाल की गई टीवीएस मोपेड एवं खून से सने कपड़े बरामद किए है। इन सभी को विधिवत जप्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। सोमवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## कन्हारपुरी के सूने घर में चोरों का धावा, डेढ़ लाख की नगदी व जेवरात पार

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के बाहरी क्षेत्र कन्हारपुरी (वार्ड नं. 34) में शनिवार की रात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब डेढ़ लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय परिवार एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गया हुआ था। चोरी की इस ताजा वारदात ने आउटर वार्डों में पुलिसिया गस्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई इस घटना के संबंध में बताया गया कि कन्हारपुरी निवासी अजय साहू अपने परिवार के साथ शादी समारोह में गए थे। जब परिवार वापस लौटा, तो घर का मुख्य ताला टूटा हुआ मिला और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी को खंगालकर उसमें रखे 1 लाख रुपये नगद और चांदी के कीमती जेवरात चोरी कर लिए। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**शादी में गया था परिवार, आउटर वार्डों में पुलिस गस्त की खुली पोल, आरोपी अब भी फरार**

### बढ़ती चोरियों से व्यापारियों में आक्रोश

शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व ही विश्राम गृह रोड स्थित एक एजेंसी से चोरों ने करीब 12 से 15 लाख रुपये के सामान की बड़ी चोरी को अंजाम दिया था। लगातार हो रही वारदातों से नाराज व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। व्यापारियों ने मांग की है कि चोरी की घटनाओं पर तत्काल अंकुश लगाया जाए और आरोपियों को गिरफ्तार कर माल बरामद किया जाए। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज और पुराने अपराधियों की कुंडली खंगालने में जुटी है, लेकिन आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

**आवश्यकता है**

दैनिक दावा में रात्रिकालीन हेल्पर एवं मार्केटिंग कार्य हेतु अनुभवी युवक/युवतियों की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।

संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com